UPHIN/2011/39718

बुन्देलखण्ड का सबसे दबंग अखबार



संजय श्रीवास्तव
प्रधान सम्पादक
7905027565
9415055318

# दैनिक यंग भारत

निष्पक्ष नज़र निर्भीक ख़बर

Digital Edition

यंग भारत वेब न्यूज़

सहयोगी प्रकाशन/प्रसारण
दैनिक वास्तविक समाज वाद-लखनऊ
प्रमुख उर्दू दैनिक तामीरे नौ -लखनऊ

वर्ष-14 अंक-138 कीर्ति शेष रामेश्वर दयाल श्रीवास्तव (लम्बरदार) की स्मृति में उरई (जालौन) गुरूवार 30 अप्रैल 2026 youngbharatE-paper.com

## यूपी के स्कूलों में बुनियादी सुविधाओं पर योगी सरकार सख्त, बच्चों को कॉन्वेंट जैसा माहौल देने की कोशिश







( यंग भारत न्यूज )

**लखनऊ।** प्रदेश की योगी सरकार राज्य के तेज विकास के लिए काम कर रही है. जिसमें युवाओं को रोजगार देने से लेकर स्कूलों में गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा सुविधाएं देना भी शामिल है. जिससे आने वाली पीढ़ी अपने भविष्य के लिए स्कूल से ही तैयारी शुरू कर दे.

इसीलिए योगी सरकार अब राज्य की शिक्षा व्यवस्था को वैश्विक मानकों के अनुरूप ढालने की कोशिश कर रही है. जिसके लिए राज्य सरकार ने अब 'जीरो टॉलरेंस ऑन डेफिसिएंसी' यानी कमियों पर शून्य सहिष्णुता की नीति पर काम कर रही है. यही नहीं योगी सरकार राज्य के स्कूलों में नामांकन को बढ़ाने के साथ-साथ छात्रों को कॉन्वेंट स्कूल जैसी सुविधायुक्त प्रदान करने की भी पहल कर रही है. यही नहीं योगी सरकार ने स्कूलों में प्रेरक वातावरण देने के लिए बुनियादी ढांचे के सुदृढ़ीकरण की दिशा में भी काम करना शुरू कर दिया है.

### सभी जिलाधिकारियों को जारी किए गए निर्देश

इसी संबंध में राज्य के अपर मुख्य सचिव (ACS), बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा, पार्थ सारथी सेन शर्मा ने सभी जिलों के जिलाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश जारी किए हैं. जिसमें कहा गया है कि स्कूलों में बुनियादी सुविधाओं का अभाव किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जाएगा.

### गैप एनालिसिस से होगी स्कूलों की निगरानी

योगी सरकार स्कूलों में अब सिर्फ सतही सुधारों तक ही सीमित रहने वाली नहीं है. बल्कि स्कूलों में हर प्रकार की सुविधा का भी ध्यान रखेगी. अपर मुख्य सचिव के निर्देश में राज्य सभी विद्यालय में 'गैप एनालिसिस' यानी जरूरतों का सूक्ष्म आकलन किया जाएगा. जिसके माध्यम से इस बात को सुनिश्चित किया जाएगा कि स्कूलों में मानक के अनुरूप किस चीज की कमी ना हो. फिर चाहे वो फर्नीचर हो, पेयजल हो या शौचालय. इन कमियों को दूर करने के लिए योगी सरकार विशेष अभियान चलाकर प्राथमिकता के आधार पर काम पूरा करेगी.

### ऑपरेशन कायाकल्प प्रोजेक्ट अलंकार को मिलेगी रफ्तार

यूपी सरकार राज्य के सरकारी स्कूलों की तस्वीर बदलने के लिए चल रहे दो बड़े अभियानों 'ऑपरेशन कायाकल्प' (बेसिक शिक्षा) 'प्रोजेक्ट अलंकार' (माध्यमिक शिक्षा) को अधिक प्रभावी बनाने जा रही है. जिससे स्कूलों की तस्वीर बदल जाएगी.

### संसाधनों की कमी होगी पूरी

इसके अलावा योगी सरकार स्कूलों में होने वाले संसाधनों की कमी को भी पूरा करेगी. जिसके तहत जिन विद्यालयों में बजट या संसाधनों की कमी है, वहां कॉर्पोरेट की सामाजिक जिम्मेदारी यानी सीएसआर फंड अन्य विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर संसाधन जुटाने की कोशिश करेगी. शासन ने माध्यमिक विद्यालयों को निर्देश दिए हैं कि अगर अतिरिक्त इंफ्रास्ट्रक्चर की जरूरत है तो तत्काल समेकित प्रस्ताव विभाग को भेजा जाए जिससे समय रहते बजट आवंटित कर उस काम को जल्द से जल्द पूरा किया जा सके.

### विद्यांजलि पोर्टल' से बदलेगी तस्वीर

बता दें कि योगी सरकार ने पारदर्शिता जन-भागीदारी को बढ़ाने के लिए 'विद्यांजलि पोर्टल' के उपयोग पर खास ध्यान दिया है. इसीलिए योगी सरकार सभी स्कूलों को इस पोर्टल से जोड़ने जा रही है. जिससे एनजीओ, निजी दानदाता कॉर्पोरेट समूह सीधे स्कूलों की जरूरतों के हिसाब से उनकी मदद कर पाएंगे. इसकी मॉनिटरिंग जिलाधिकारी वरिष्ठ अधिकारी करेंगे.

## 'सिंघम होगा तू यूपी का, ये बंगाल है...', जहांगीर खान ने आईपीएस अजयपाल शर्मा पर बोला तीखा हमला

### कहा- चुनाव के बाद देख लेंगे



( यंग भारत न्यूज )

चुनाव के दूसरे चरण के मतदान से चंद घंटों पहले दक्षिण 24 परगना के फलता विधानसभा क्षेत्र में सियासी पारा सातवें आसमान पर पहुंच गया है. चुनाव पर्यवेक्षक के रूप में तैनात चर्चित आईपीएस अधिकारी अजयपाल शर्मा द्वारा की गई छापेमारी के बाद, टीएमसी उम्मीदवार जहांगीर खान ने न्यूज18 इंडिया को दिए इंटरव्यू में पलटवार करते हुए गंभीर आरोपों की झड़ी लगा दी है.

जहांगीर खान ने न केवल अजयपाल शर्मा की कार्यशैली पर सवाल उठाए, बल्कि उनके अतीत के विवादों को कुरेदते हुए जनता के सामने उनकी साख को चुनौती दी है. जहांगीर खान ने न्यूज 18 को दिए इंटरव्यू में कहा, 'बंगाल की जनता को यह जान लेना चाहिए कि दिल्ली से भेजे गए ये अधिकारी कौन हैं. यह वही अधिकारी हैं जिनका नाम उत्तर प्रदेश में ट्रांसफर और पोस्टिंग के काले खेल में सामने आया था. क्या चुनाव आयोग को बंगाल भेजने के लिए सिर्फ ऐसे ही विवादित अधिकारी मिले थे?' जहांगीर खान यहीं नहीं रुके, उन्होंने आईपीएस शर्मा के उन कथित वीडियो का भी जिक्र किया जो उनके निजी जीवन और महिलाओं के साथ संबंधों को लेकर चर्चा में रहे थे.

**दिल्ली के अधिकारियों से नहीं, जनता से डरता हूं'**

टीएमसी उम्मीदवार का तर्क है कि जिस अधिकारी का अपना दामन दागदार हो, वह बंगाल में आकर निष्पक्षता की बातें कैसे कर सकता है. उन्होंने आरोप लगाया कि ऐसे अधिकारियों को विशेष रूप से बंगाल में सत्तारूढ़ पार्टी के नेताओं को डराने और चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित करने के लिए भेजा गया है. बता दें कि छापेमारी के दौरान जब आईपीएस अजयपाल शर्मा ने सख्त तेवर दिखाए थे, तो उसके जवाब में जहांगीर खान ने साफ लहजे में कहा कि उन्हें वर्दी का कोई खौफ नहीं है. उन्होंने कहा, 'ये अधिकारी जो दिल्ली से आए हैं, वे शायद बंगाल की तासीर को नहीं जानते. मैं किसी पुलिस वाले या किसी दिल्ली से भेजे गए 'सिंघम' से नहीं डरता. मुझे अगर किसी का डर है, तो वह सिर्फ पश्चिम बंगाल की जनता है, जिसके लिए मैं काम करता हूं.'

**जहांगीर ने अजयपाल पर क्यों बोला हमला?**

जहांगीर खान ने आरोप लगाया कि केंद्रीय बलों और इन पर्यवेक्षकों के जरिए इलाके में डर का माहौल पैदा किया जा रहा है ताकि मतदाता घरों से बाहर न निकलें. उन्होंने कहा कि यह लोकतंत्र का अपमान है कि बाहर के अधिकारी आकर यहां के स्थानीय उम्मीदवारों को धमका रहे हैं.

**वोटिंग से पहले अजयपाल शर्मा को जहांगीर ने ललकारा**

जहांगीर खान के इस बयान को सीधे तौर पर आईपीएस अजयपाल शर्मा के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की धमकी के रूप में देखा जा रहा है. उन्होंने यह भी संकेत दिया कि वे इस मामले को लेकर कोर्ट और मानवाधिकार आयोग तक जा सकते हैं. बंगाल की राजनीति में अधिकारियों और नेताओं के बीच यह टकराव नया नहीं है, लेकिन जिस तरह से व्यक्तिगत विवादों को चुनावी मंच पर लाया गया है, उसने मुकाबले को और अधिक कड़वा बना दिया है. कुलमिलाकर दूसरे फेज के वोटिंग से कुछ घंटे पहले बंगाल का माहौल गर्म है. जमीन पर माहौल तनावपूर्ण है. टीएमसी कार्यकर्ता अपने नेता के समर्थन में लामबंद हो रहे हैं।

## सुर्खियां............

### परिवार से बिछड़ी बच्ची को मिशन शक्ति टीम ने माता पिता से मिलाया

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** परिवार से बिछड़ी बच्ची को मिशन शक्ति टीम ने माता पिता से मिलाया। माता पिता ने पुलिस टीम को धन्यवाद दिया। बुधवार को सुबह करीब साढ़े 10 बजे एक आठ वर्ष की बच्ची देवरी गांव के पास रोती हुई जा रही थी। ग्रामीणों ने परिजनों का पता लगाने का प्रयास किया लेकिन पता नहीं चला। जिसके बाद उन्होंने बच्ची को कोतवाली पुलिस को सौंप दिया। मिशन शक्ति टीम प्रभारी संजय यति के निर्देश पर टीम की सदस्य सरिता देवी ने बच्ची को महिला हेल्प डेस्क में बैठाकर उससे जानकारी ली तो बच्ची ने अपना नाम वैष्णवी, पिता का नाम धर्मजीत, माता का नाम विनीता एवं भाई का नाम कार्तिक व उरई की रहने वाली बताया।

### लड़की पर युवक के द्वारा गलत टिप्पणी फेसबुक में डालने आरोपी पर मुकदमा दर्ज किया जाए

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी जालौन 29 अप्रैल।** नगर के मोहल्ले की लड़की को मोहल्ले के युवक द्वारा गलत टिप्पणी फेसबुक में डालकर खुलेआम बदनामी करने की घटना को लेकर पीड़ित ने कोतवाली कालपी में शिकायती पत्र प्रस्तुत कर आरोपी पर मुकदमा दर्ज किए जाने की गुहार लगाई उक्त घटना में पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

### किशोरी भगाने पर महिला सहित 5 अपरहण कर्ता पर मुकदमा दर्ज

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी जालौन 29 अप्रैल।** एक सप्ताह पूर्व किशोरी लड़की को रात में बहला फुसलाकर युवक एवं अज्ञात महिला तथा तीन अज्ञात समेत पांच लोग भगाकर रफूचक्कर हुए उक्त घटना में पीड़ित की तहरीर पर कालपी पुलिस ने पांच आरोपियों के खिलाफ जुर्म धारा 137(2) 87 बीएनएस के तहत मुकदमा कायम कर विवेचना टरननगंज चौकी प्रभारी सुरेश चंद्र को जांच सौंपी।

## कुछ इंच की दूरी और मिट जाएगा देश!

### समुद्र में समा जाने के खतरे पर कौन-कौन से देश हैं, जानें पूरी लिस्ट

( यंग भारत न्यूज )

कई छोटे-छोटे द्वीपीय देश-जिन्हें अक्सर प्रकृति की सुंदरता का प्रतीक माना जाता है-आज एक ऐसे अस्तित्व के संकट के कगार पर खड़े हैं, जिसका पैमाना पहले कभी नहीं देखा गया। ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन के कारण जिस alarming (चिंताजनक) गति से समुद्र का जलस्तर बढ़ रहा है, वह किसी बुरे सपने से कम नहीं है।

विशेषज्ञों और शोध रिपोर्टों के अनुसार, मालदीव, तुवालू और किरिबाती जैसे देश अगले कुछ दशकों के भीतर दुनिया के नक्शे से गायब हो सकते हैं। यह केवल एक पर्यावरणीय चेतावनी नहीं है; यह पूरे-के-पूरे देशों के संभावित रूप से डूब जाने की एक unfolding (सामने आती हुई) त्रासदी है-एक ऐसी सच्चाई जो हमारी आँखों के सामने घटित हो रही है। मालदीव, जो अपनी प्राकृतिक सुंदरता और नीले-नीले पानी के लिए विश्व भर में प्रसिद्ध है, समुद्र तल से औसतन केवल 1.5 मीटर की ऊँचाई पर स्थित है। यह



दुनिया का सबसे कम ऊँचाई पर स्थित देश है। नेशनल ज्योग्राफिक की रिपोर्टें बताती हैं कि यदि समुद्र का जलस्तर इसी गति से बढ़ता रहा, तो 2050 तक मालदीव का 80 प्रतिशत से अधिक भूभाग पानी में डूब सकता है। यह संकट स्थानीय आबादी के लिए विस्थापन की एक लहर पैदा कर सकता है-एक ऐसी चुनौती जिसे वैश्विक स्तर पर संभालना बेहद मुश्किल साबित होगा। प्रशांत महासागर में स्थित किरिबाती, 33 कोरल (मूंगा) द्वीपों से बना एक सुंदर देश है; आज यह खुद को एक अत्यंत नाजुक स्थिति में पा रहा है। वैज्ञानिकों का अनुमान है कि अगले 30 से 40 वर्षों के भीतर, यह देश पूरी तरह से रहने लायक नहीं रह जाएगा, क्योंकि बढ़ता हुआ समुद्र इसके भूभाग को लगातार निगलता जा रहा है। इसी तरह, तुवालू में स्थिति और भी अधिक चिंताजनक है। अनुमान है कि 2100 तक, तुवालू का 95 प्रतिशत भूभाग ऊँची लहरों (high tides) के दौरान समुद्र के नीचे डूब सकता है। इन देशों के लोग इस समय अपने वतन को बचाने के लिए अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से बेसब्री से गुहार लगा रहे हैं; फिर भी, बढ़ता हुआ जलस्तर उनकी इन अपीलों के प्रति पूरी तरह से उदासीन बना हुआ है। मार्शल आइलैंड्स के लिए, समुद्र के जलस्तर में मात्र एक मीटर की वृद्धि ही एक बड़ी तबाही लाने के लिए काफी होगी। इस तरह की वृद्धि के परिणामस्वरूप, राजधानी शहर माजुरो में स्थित 40 प्रतिशत इमारतें हमेशा के लिए पानी में डूब सकती हैं। इस बीच, दक्षिण प्रशांत महासागर में स्थित देश वानुअतु भी 2100 तक पूरी तरह से पानी में डूब जाने के कगार पर खड़ा है। ये देश न केवल अपने घर खो रहे हैं, बल्कि अपनी संस्कृति, इतिहास और पहचान को भी समुद्र की लहरों में विलीन होते देख रहे हैं। अपनी ज़मीन की रक्षा करने के लिए इन देशों के पास भौगोलिक संसाधन बहुत ही सीमित हैं। समुद्र के जलस्तर में वृद्धि के लिए मुख्य रूप से दो बड़े कारक ज़िम्मेदार हैं: ध्रुवीय बर्फ़ का तेज़ी से पिघलना और तापमान बढ़ने के कारण समुद्री जल का विस्तार (थर्मल विस्तार)। 2013 से 2022 के बीच, समुद्र का जलस्तर प्रति वर्ष 4.62 मिलीमीटर की दर से बढ़ा-यह एक ऐसी गति है जो चिंताजनक रूप से तेज़ है। इसके अलावा, 'किंग टाइड्स'-यानी असाधारण रूप से ऊँची लहरें-अब इन देशों के तटीय इलाकों में पहले की तुलना में कहीं अधिक विनाशकारी साबित हो रही हैं, जिससे ज़मीन के कटाव और बाढ़ की समस्याएँ और भी गंभीर होती जा रही हैं।

### देश में हड़कम्प मचा देने वाली पतिहंता सोनम को मिल गई जमानत

## सोनम घर आई तो मैं घर छोड़ दूंगा. जमानत मिलते ही सगे भाई ने तोड़ा रिश्ता, राजा के परिवार से भी पल्ला झाड़ा

**शादी के ठीक बाद अपने पति को हनीमून पर ले जाकर पेशेवर कातिलों से पति की हत्या करवा देने वाली सोनम की खतरनाक वारदात सुनकर कमजोर वफादारी वाली पत्नियों के पति अंदर तक शिहर उठे थे**



( प्रधान सम्पादक )
( यंग भारत न्यूज )

ट्रांसपोर्ट कारोबारी राजा रघुवंशी की सनसनीखेज हत्या के मामले में मुख्य आरोपी पत्नी सोनम रघुवंशी को शिलांग कोर्ट से जमानत मिलते ही पारिवारिक रिश्तों में 'महाभारत' शुरू हो गई है। जिस भाई ने अब तक इंसाफ की लड़ाई में राजा के परिवार का साथ देने की कसम खाई थी, उसने अब पूरी तरह से 'यू-टर्न' ले लिया है। सोनम के भाई गोविंद ने न केवल अपनी बहन से नाता तोड़ लिया है, बल्कि मृतक राजा के भाई विपिन रघुवंशी पर भी गंभीर आरोप लगाते हुए मदद से इनकार कर दिया है।

### 'जमानत मिली है, दोषमुक्त नहीं हुई': भाई का सख्त रुख

शिलांग कोर्ट से सशर्त जमानत (Conditional Bail) मिलने के बाद कयास लगाए जा रहे थे कि सोनम अपने मायके लौट सकती है, लेकिन उसके भाई गोविंद ने घर के दरवाजे बंद कर दिए हैं। गोविंद ने दोटूक शब्दों में कहा, 'सोनम रघुवंशी से मेरा अब कोई रिश्ता नहीं है। मैं उसकी कोई मदद नहीं करूंगा। अगर वह मेरे घर रहने आई, तो मैं खुद अपना घर छोड़कर कहीं और चला जाऊंगा।' गोविंद ने यह भी साफ किया कि अदालत ने उसे सिर्फ बाहर आने की इजाजत दी है, वह बेगुनाह साबित नहीं हुई है।

### क्यों टूटा भाई का धैर्य? राजा के परिवार पर लगाया वादाखिलाफी का आरोप

गोविंद के इस अचानक बदले व्यवहार के पीछे मृतक राजा के भाई विपिन रघुवंशी द्वारा लगाए जा रहे आरोप बताए जा रहे हैं। गोविंद का दावा है कि उन्होंने जांच में राजा के परिवार का हर कदम पर साथ दिया और जहां बुलाया गया वहां गए। गोविंद ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा, 'विपिन के आरोपों से मैं अब बुरी तरह परेशान हो चुका हूं। जब मदद करने के बाद भी मुझे ही दोषी माना जा रहा है और मुझ पर ही उंगलियां उठाई जा रही हैं, तो अब मुझे फर्क नहीं पड़ता। आज से मैं राजा के परिवार का साथ देना बंद कर रहा हूं।'

### हनीमून मर्डर मिस्ट्रीः रिश्तों के जाल में उलझी मर्डर की कहानी

राजा रघुवंशी हत्याकांड ने देशभर में तब सुर्खियां बटोरी थीं, जब हनीमून मनाने मेघालय गए राजा का शव गहरी खाई में मिला था। पुलिस जांच में उनकी पत्नी सोनम को मुख्य साजिशकर्ता (Mastermind) बताया गया। करीब 10 महीने जेल में रहने के बाद अब सोनम बाहर आई है। जमानत मिलने के बाद भाई-बहन के बीच का यह विवाद और दोनों परिवारों के बीच बढ़ती कड़वाहट ने इस हाई-प्रोफाइल केस को और भी पेचीदा बना दिया है।

### अब क्या होगा आगे?

एक तरफ राजा का परिवार सोनम की जमानत के खिलाफ हाई कोर्ट जाने की तैयारी कर रहा है, वहीं दूसरी ओर सोनम के सगे भाई के इस असहयोग वाले रुख ने उसे अपनों के बीच भी अलग-थलग कर दिया है। अब देखना यह होगा कि जमानत पर बाहर आने के बाद सोनम का अगला कदम क्या होता है और राजा के भाई विपिन इस नए घटनाक्रम पर क्या प्रतिक्रिया देते हैं।

# महिला सशक्तिकरण महिलाओं ने नगर में जुलूस निकालकर कांग्रेस पार्टी मुर्दाबाद नारे लगाए

## महिला आरक्षण बिल पास कराने के लिए हुंकार भरी

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी जालौन 29 अप्रैल।** महिला आरक्षण बिल पास न होने पर स्थानीय महिलाओं ने महिला सशक्तिकरण के तहत नगर के भाजपा कार्यालय से एक चौराहे तक निकाल कर कांग्रेस पार्टी के प्रति विरोध प्रकट किया।

बुधवार की शाम टरननगंज स्थित भाजपा कार्यालय में नारी शक्ति करण समारोह पर कई भाजपा पार्टी के नेताओं ने कांग्रेस पार्टी का विरोध प्रकट कर उनके खिलाफ हल्ला बोला इसके उपरांत किसान मोर्चा प्रांतीय नेता नरेंद्र द्विवेदी एवं भाजपा नगर अध्यक्ष सुबोध द्विवेदी के संयुक्त अगुवाई में महिलाओं ने कार्यालय से सड़क पर जुलूस निकाल कर टरननगंज चौराहे में पहुंच कर कांग्रेस पार्टी मुर्दाबाद



के नारे लगाए तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भाजपा पार्टी जिंदाबाद के नारे लगाए जुलूस में चलने वाले मंडल उपाध्यक्ष राकेश पुरवार भगवान दास खटीक अवधेश तिवारी मनोनीत सभासद कन्हैया मिश्रा राजेंद्र साहू धर्मेंद्र पाल एवं दर्जनों महिलाएं आदि मौजूद थे।फोटो स्थानीय भाजपा लोग एवं महिलाएं जुलूस में चलते हुए।

# आईजीआरएस पोर्टल पर की गई शिकायत के बाद जिला प्रशासन ने कुठौंदा बुजुर्ग के विकास की स्थिति स्पष्ट की

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** ग्राम पंचायत कुठौंदा बुजुर्ग के ग्रामीणों द्वारा गांव में खेल के मैदान, बारात घर, अंत्येष्टि स्थल और अमृत सरोवर निर्माण की मांग को लेकर आईजीआरएस पोर्टल पर की गई शिकायत के बाद जिला प्रशासन ने वस्तुस्थिति स्पष्ट की है। जिला पंचायत राज अधिकारी ने जिलाधिकारी को भेजी अपनी जांच रिपोर्ट में इन विकास कार्यों की वर्तमान स्थिति का विवरण दिया है।

ग्रामीण गजेंद्र सिंह सेंगर ने आईजीआरएस पोर्टल पर गांव में खेल का मैदान, अंत्येष्टि स्थल, बारातघर आदि बनवाने की मांग की थी। जिस पर जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा जो रिपोर्ट दी गई है उसके अनुसार ग्राम पंचायत कुठौंदा बुजुर्ग में वर्तमान में खेल के मैदान के नाम से कोई सरकारी भूमि दर्ज नहीं है। खेल के मैदान के लिए कम से कम 0.180 हेक्टेयर भूमि की आवश्यकता है। लेखपाल की जांच में गाटा संख्या 291 (रकबा 1.206 हेक्टेयर), जो कि खलिहान के रूप में दर्ज है, को खेल मैदान के लिए प्रस्तावित किया गया था। हालांकि, यह सुरक्षित श्रेणी की भूमि होने के कारण इसका श्रेणी परिवर्तन आवश्यक है। जिसके लिए अब राजस्व विभाग की अनुमति का इंतजार है। बारात घर के निर्माण को लेकर विभाग ने स्पष्ट किया है कि वर्तमान में शासन स्तर से इसके लिए कोई बजट प्राप्त नहीं हुआ है। धनराशि उपलब्ध होते ही नियमानुसार निर्माण कार्य कराया जाएगा। वहीं, अंत्येष्टि स्थल के संबंध में बताया गया कि वर्ष 2025-26 के लक्ष्य के अनुसार जनपद में 11 नए अंत्येष्टि स्थलों का चयन होना है। शासन की समिति के निर्णय और वरीयता के आधार पर कुठौंदा बुजुर्ग में इसके निर्माण पर विचार किया जाएगा। रिपोर्ट में यह भी उल्लेख किया गया है कि अमृत सरोवर का मामला मनरेगा और ग्राम विकास विभाग से संबंधित है, जिस पर विभाग द्वारा अलग से कार्यवाही की जा रही है। जिला पंचायत राज अधिकारी ने सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) को निर्देशित किया है कि वे इस प्रकरण में व्यक्तिगत रुचि लेकर समस्याओं का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित कराएं ताकि ग्रामीणों को बुनियादी सुविधाएं मिल सकें।

# पीड़ित को मिले त्वरित न्याय, शिकायतकर्ता की संतुष्टि के आधार पर हो शिकायत का निस्तारण : डीएम

## दैनिक जनसुनवाई में जिलाधिकारी ने फरियादियों की समस्याओं का मौके पर ही कराया निस्तारण

### -दूरभाष पर सम्बंधित विभागीय अधिकारियों को दिये निस्तारण के निर्देश

**ललितपुर।** शासन के निर्देशानुसार गरीब, असहाय व जरुरतमंदों को त्वरित व गुणवत्तापूर्ण न्याय मिले, इसके लिए जिलाधिकारी सत्य प्रकाश पूरी तहर से प्रतिबद्ध हैं और प्रतिदिन नियमित रुप से अपने कार्यालय में जनसुनवाई कर दूरदराज से आने वाले फरियादियों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान कराते हैं, इसी के क्रम में बुधवार को जिलाधिकारी ने अपनी नियमित जनसुनवाई में अनेकों फरियादियों की समस्याओं का सम्बंधित अधिकारियों से दूरभाष पर सीधे निर्देशित कर निस्तारण कराया। डीएम ने कहा कि जनसुनवाई का उद्देश्य केवल शिकायत सुनना नहीं, बल्कि जनसमस्याओं का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कराकर जनता को राहत देना है। पीड़ित की समस्या का समाधान उनकी संतुष्टि के आधार पर होना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसामान्य की शिकायतों के प्रति संवेदनशील रहते हुए प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराया जाए, ताकि शासन की योजनाओं का वास्तविक लाभ जनता तक पहुंच सके। उन्होंने यह भी निर्देश जारी किये हैं कि वंचित ग्रामों में अपने विभागीय कैम्प लगाकर पात्रों का चयन करें और प्राथमिकता के आधार पर लाभ दिलायें। जनसुनवाई के दौरान विभिन्न विभागों से सम्बंधित जनशिकायतें आयीं, जिन्हें जिलाधिकारी ने मौके पर ही सम्बंधित विभागीय अधिकारियों को दूरभाष पर निर्देशित कर निस्तारित कराया। जनसुनवाई के दौरान विकास खण्ड मड़ावरा के ग्राम बम्बौरी निवासी सोवरन सिंह ने बताया कि उनकी फसल अतिवृष्टि/ओलावृष्टि से नष्ट हो गई थी, बीमा का ऑनलाइन आवेदन करने पर भी बीमा कम्पनी क्लेम नहीं कर रही है। इस पर जिलाधिकारी ने जिला कृषि अधिकारी को तत्काल आवश्यक कार्यवाही कर अवगत कराने के निर्देश दिये।

इसी प्रकार जण्डेल सिंह निवासी मऊमाफी ने विपक्षियों द्वारा उनके आवासीय पट्टे की जमीन पर कब्जा करने की शिकायत की, जिस पर जिलाधिकारी उप जिलाधिकारी सदर और चकबंदी अधिकारी को जांच कर उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

ग्राम दैलवारा निवासी हरनाम सिंह ने अपनी बीमारी के इलाज के लिए आयुष्मान कार्ड बनवाये जाने का अनुरोध किया, जिस पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी को जांच कर उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिये गए। इसी दौरान पत्रकार पवन संज्ञा ने ग्राम पंचायत कुआगांव तहसील महरौनी की पीड़ित महिलाओं का प्रतिनिधित्व करते हुए बताया कि गांव के ही दबंगों ने के आवासीय पट्टों की भूमि पर रखे निर्माण सामग्री को हड़प लिया है और अपने भवन बनवा रहे हैं, पूर्व में की गई शिकायत पर उप जिलाधिकारी महरौनी ने टीम भेजकर निर्माण रुकवाया था, परन्तु दबंगों ने पुनः निर्माण शुरू कर दिया है। इस पर जिलाधिकारी ने तत्काल उप जिलाधिकारी और तहसीलदार से दूरभाष पर वार्ता कर मौके पर टीम भेजकर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

# एक तरफ जिलाधिकारी जल स्तर को बनाये रखने का कर रहे प्रयास, दूसरी ओर प्राचीन जल स्रोत कुंआ हो रहे जमीदोज

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** एक तरफ जिलाधिकारी जल स्तर को बनाये रखने के लिए तमाम प्रयास कर रहे हैं। वहीं नगर के प्राचीन जल स्त्रोत कुंआ जमीदोज हो रहे हैं। जमीदोज हो रहे कुंआ पर लोग कब्जा कर रहे हैं जिससे उनके अस्तित्व समाप्त होता दिख रहा है।

जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय लगातार जल स्तर को बनाये रखने के लिए प्रयास कर रहे हैं। वाटर रीचार्जिंग को लेकर जिलाधिकारी के निर्देश पर पिछले वर्ष नगर में जगह जगह सरकारी हैंडपंपों के पास वाटर रीचार्जिंग के लिए गड्ढों का निर्माण कराया जा रहा है तथा नगर पालिका परिषद द्वारा नगर प्राचीन कुओं का जीर्णोद्धार कराया जा रहा है। नगर पालिका परिषद द्वारा नगर के नौ कुओं का जीर्णोद्धार कराया जा चुका है। वहीं जिलाधिकारी के इस अभियान को कुछ सफलता तक पहुंचने में अवरोध पैदा कर रहे। जल प्राचीन जल स्त्रोत कुंआ पर लोग कब्जा करने में लगे हुए हैं। नगर के बस स्टैंड पर पर प्राचीन व बड़ा कुंआ था जो आसपास के दुकानदारों के साथ बस स्टैंड की सवारियों के साथ राहगीरों की प्रयास बुझाता था।प्यास बुझाने के साथ ही आग लगने पर इनका पानी उपयोग में आता था। समय के साथ कुआं का उपयोग कम होता गया तथा लोगों ने उसमे कूड़ा डालना शुरू कर दिया है। कुंआ में कचरा डलने के कारण वह प्लेन जगह मे तब्दील हो गये। प्लेन जगह मे तब्दील हो कुंआ की जगह पर आसपास के लोग कब्जा करने लगे हैं। कब्जा होने के कारण प्राचीन जल स्त्रोत कुंआ का अस्तित्व खतरे में पड़ गया है। गर्मी के मौसम आग लगने पर मिलने वाले पानी की व्यवस्था खराब हो गयी है। नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि पुनीत मित्तल ने बताया कि नगर पालिका परिषद द्वारा नगर के नौ कुओं का जीर्णोद्धार कराया जा चुका है। बोर्ड की बैठक में इस कुंआ के जीर्णोद्धार का प्रस्ताव पास कराकर जीर्णोद्धार करा दिया जायेगा।

# उप जिलाधिकारी ने चल रहे जनगणना प्रशिक्षण समापन कर गणना कार्य के निर्देश दिए

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी जालौन 29 अप्रैल।** एमएसबी इंटर कॉलेज विद्यालय में कई दिनों से जनगणना प्रशिक्षण कार्यक्रम चल रहा था वही बुधवार को उप जिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह ने कक्षा में चल रहे प्रशिक्षण कार्य प्रत्येक कमरे में अलग-अलग पहुंचकर मौजूद कर्मियों को जनगणना कार्य के लिए पाठ पढ़ाकर प्रशिक्षण का समापन किया साथ में सैकड़ो कर्मचारी प्रशिक्षण कार्य समापन उपरांत संबंधित क्षेत्र में जाकर जनगणना कार्य को युद्ध स्तर पर शुरू कर समय के चलते अपने-अपने कार्यों को सत प्रतिशत पूरा



करके तहसील कालपी का नाम रोशन करने हेतु पुरजोर आवाहन किया मौके में नायब तहसीलदार चंद्र मोहन शुक्ला नायब तहसीलदार मुकेश कुमार खुफिया तंत्र इंस्पेक्टर एसके पटेल आदि सैकड़ो लोग मौजूद थे।

# किशोरी भगाने पर महिला सहित 5 अपरहण कर्ता पर मुकदमा दर्ज

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी जालौन 29 अप्रैल।** एक सप्ताह पूर्व किशोरी लड़की को रात में बहला फुसलाकर युवक एवं अज्ञात महिला तथा तीन अज्ञात समेत पांच लोग भगाकर रफूचक्कर हुए उक्त घटना में पीड़ित की तहरीर पर कालपी पुलिस ने पांच आरोपियों के खिलाफ जुर्म धारा 137(2) 87 बीएनएस के तहत मुकदमा कायम कर विवेचना टरननगंज चौकी प्रभारी सुरेश चंद्र को जांच सौंपी। मिर्जा मंडी निवासी पीड़ित पिता ने कोतवाली कालपी में मुकदमा दर्ज कराते हुए अवगत कराया कि मेरे घर को सुना पाकर मेरी 17 वर्षीय किशोरी पुत्री को राम चबूतरा कालपी निवासी शिवम पुत्र अज्ञात महिला अज्ञात तथा तीन अज्ञात समेत पांच लोग 20 अप्रैल वर्ष 2026 समय रात्रि 8 बजे घर से भगाकर ले गए मैं जब घर वापस आया तो मेरी पुत्री नदारत मिली कई जगह खोजबीन की फिर भी मेरी पुत्री का पता अभी तक नहीं चल सका पीड़ित ने प्रभारी निरीक्षक से मांग की है अपहरण की गई किशोरी पुत्री को उपलब्ध कराए जाने की गुहार लगाई।

# परिवार से बिछड़ी बच्ची को मिशन शक्ति टीम ने माता पिता से मिलाया

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** परिवार से बिछड़ी बच्ची को मिशन शक्ति टीम ने माता पिता से मिलाया। माता पिता ने पुलिस टीम को धन्यवाद दिया। बुधवार को सुबह करीब साढ़े 10 बजे एक आठ वर्ष की बच्ची देवरी गांव के पास रोती हुई जा रही थी। ग्रामीणों ने परिजनों का पता लगाने का प्रयास किया लेकिन पता नहीं चला। जिसके बाद उन्होंने बच्ची को कोतवाली पुलिस को सौंप दिया। मिशन शक्ति टीम प्रभारी संजय यति के निर्देश पर टीम की सदस्य सरिता देवी ने बच्ची को महिला हेल्प डेस्क में बैठाकर उससे जानकारी ली तो बच्ची ने अपना नाम वैष्णवी, पिता का नाम धर्मजीत, माता का नाम विनीता एवं भाई का नाम कार्तिक व उरई की रहने वाली बताया। उक्त बच्ची व उसके परिजनों की जानकारी के लिए टीम ने जिला नियंत्रण केंद्र एवं सोशल मीडिया के कई प्लेटफार्म पर पूर्ण विवरण अंकित कर प्रसारित किया गया। कुछ ही घण्टे में कोतवाली में सिकरीराजा निवासी बच्ची के पिता धर्मजीत, मां विनीता कोतवाली पहुंच गए। उन्होंने पूंछतांछ में बताया कि उनकी बेटी सुबह नौ बजे से अपने घर से बिना बताए कही चली गयी थी। उसकी तलाश आप पास की गई तो पता नहीं चला। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से उन्हें जानकारी हुई कि बेटी कोतवाली में है। पुलिस ने वैष्णवी को उसके माता पिता के सुपुर्द किया और बच्ची की देखभाल की हिदायत दी।

# लड़की पर युवक के द्वारा गलत टिप्पणी फेसबुक में डालने आरोपी पर मुकदमा दर्ज किया जाए

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी जालौन 29 अप्रैल।** नगर के मोहल्ले की लड़की को मोहल्ले के युवक द्वारा गलत टिप्पणी फेसबुक में डालकर खुलेआम बदनामी करने की घटना को लेकर पीड़ित ने कोतवाली कालपी में शिकायती पत्र प्रस्तुत कर आरोपी पर मुकदमा दर्ज किए जाने की गुहार लगाई उक्त घटना में पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

राजघाट निवासिनी मोहिनी ने शिकायती पत्र देते हुए अवगत कराया कि मेरी शादी कानपुर में तय हुई है मेरे मोहल्ले का रहने वाला रामखिलावन पुत्र रमेश मेरे अश्लील फोटो सार्वजनिक रूप से कर रहा है तथा जिस लड़के से मेरी शादी हो रही है उसको इंस्टाग्राम पर फेक आईडी बनाकर भेज रहा है तथा रिश्तेदारों को भी भेज रहा है और कहता है कि तेरी शादी नहीं होने दूंगा अगर तूने शादी की तो तेरे भाई को जान से मरवा दूंगा रामखिलावन के फोन में वह फोटो अभी भी है जो वह वायरल कर रहा है इसी के कारण मेरी शादी भी टूट गई है तथा पैसों की भी मांग करता है।

# उद्यमियों द्वारा उठायी गई समस्याओं का त्वरित समाधान कराकर अपेक्षित सहयोग प्रदान करें : जिलाधिकारी

**ललितपुर।** जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने कलैक्ट्रेट सभागार में जिला उद्योग बन्धु एवं व्यापार बंधु समिति की बैठक कर जनपद में अधिक से अधिक औद्योगिक इकाईयों की स्थापना और उद्यमियों को उद्योग अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। उन्होंने समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिये कि उद्यमियों द्वारा उठायी गई समस्याओं का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाए और उन्हें उद्योगों के



संचालन में अपेक्षित सहयोग प्रदान किया जाए। बैठक में जिलाधिकारी ने एक-एक कर व्यापारियों से उनकी समस्यायें जानी, जिस पर व्यापार बंधु की बैठक के दौरान प्रदेश चेयरमेन महेन्द्र मयूर द्वारा शहर में लगाये गए स्मार्ट मीटरों से परेशान व्यापारी व आम विद्युत उपभोक्ताओं की समस्या को उठाते हुए स्मार्ट मीटर प्रीपेड मीटर को पोस्ट पेड मीटर में बदलने की मांग की, जिस पर विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये गए कि विभागीय उच्च अधिकारियों से प्राप्त निर्देशानुसार उपभोक्ताओं की समस्या का निस्तारण कराया जाए। इसी प्रकार व्यापारी नेता ने भी विद्युत व पेयजल पाइपलाइन डालने हेतु खोदी गयी सड़कों को ठीक कराने व केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा व्यापारियों के लिए संचालित योजनाओं की जानकारी दिलाकर पात्र व्यापारियों को लाभान्वित किये जाने की अपील की। इन समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए एडीएम अंकुर श्रीवास्तव ने सभी सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि अगली बैठक में सभी अधिकारी अपने अपने विभाग की संचालित योजनाओं की लिखित सामग्री सहित व्यापारियों को जानकारी उपलब्ध करायेंगे। बैठक में उद्यनियो द्वारा औद्योगिक आस्थान, चन्देरा में विद्युत की निर्वाद आपूर्ति के लिए एक अवर अभियन्ता एवं लाईन मेन की नियुक्ति के लिए पिछली बैठक में बात रखी गई थी जिस पर जिलाधिकारी द्वारा विद्युत विभाग को निर्देशित किया गया था जिसका अनुपालन विद्युत विभाग द्वारा कर लिया गया है। जिलाधिकारी द्वारा जीबीसी रेडी इकाईयों से वार्ता की गई तथा उनको आने वाली समस्याओं के लिए सन्दर्भित विभाग को निर्देर्शित किया गया तथा विभिन्न विभागों को प्राप्त जीबीसी लक्ष्य को ससमय पूर्ण करने के लिए निदेर्शित किया गया। अग्निशमन विभाग को उद्यमियों के साथ सहयोग प्रदान करने के लिए निदेर्शित किया गया। जिलाधिकारी द्वारा कारखाना अधिनियम 1948 के अन्तर्गत इकाइयों का पंजीकरण कराने की अपेक्षा की गई जिससे शासकीय सहायता मुहैया हो सके। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा उद्योग क्षेत्र में किये जा रहे कार्यों एवं विकास कार्यों के लिए उद्यमी संगठन द्वारा सम्मानित किया गया।

बैठक में एडीएम अंकुर श्रीवास्तव, वरिष्ठ निरीक्षक वाट-माप, डीपीआरओ, डीएसओ, डीआईओ, सहायक डाक विभाग, प्रभारी अग्निशमन अधिकारी, प्रधानाचार्य राजकीय आईटीआई, सहायक आयुक्त खाद्य, पीओ नेडा एवं अन्य अधिकारी गण तथा कमलेश सर्राफ, मुकेश जैन एवं अन्य सम्मानित उद्यमीगण उपस्थित रहें। संचालन उपायुक्त उद्योग द्वारा किया गया।

# भीषण गर्मी के बीच स्वास्थ्य सेवाओं पर डीएम सख्त, हर अस्पताल में लू से बचाव के पुख्ता इंतजाम के निर्देश

- जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में साफ-सफाई, पेयजल और दवाओं की उपलब्धता पर विशेष फोकस, अधिकारियों को सक्रिय निगरानी के आदेश



( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )।** भीषण गर्मी और बढ़ते तापमान को देखते हुए जनपद में स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में विकास भवन स्थित रानी लक्ष्मीबाई सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक कर सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने विशेष रूप से हीट वेव (लू) से बचाव को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए निर्देश दिए कि सभी अस्पतालों में लू से प्रभावित मरीजों के लिए अलग से वार्ड की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि ओआरएस, आवश्यक दवाएं और प्राथमिक उपचार की सभी सुविधाएं हर हाल में उपलब्ध रहें, ताकि मरीजों को तत्काल राहत मिल सके।स्वास्थ्य संस्थानों में साफ-सफाई और स्वच्छता को लेकर जिलाधिकारी ने कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि अस्पताल परिसर, वार्डों और शौचालयों में नियमित रूप से सफाई कराई जाए। उन्होंने कहा कि यदि कहीं भी गंदगी पाई गई तो संबंधित जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। भीषण गर्मी को देखते हुए पेयजल व्यवस्था पर भी विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर आने वाले मरीजों और उनके तीमारदारों के लिए ठंडा और स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना अनिवार्य है, जिससे उन्हें गर्मी से राहत मिल सके। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी सहित सभी ब्लॉक स्तरीय चिकित्सा अधिकारियों को क्षेत्र में लगातार सक्रिय रहकर निगरानी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं को जन-जन तक सुलभ बनाना प्रशासन की प्राथमिकता है और इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दास्त नहीं की जाएगी।जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनता को बेहतर और समयबद्ध चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, ताकि हर व्यक्ति को सुरक्षित और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी बीरेंद्र सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी चंद्रप्रकाश सहित चिकित्सक मौजूद रहे।

# विकास कार्यों में तेजी, लापरवाही पर कार्रवाई तय : नोडल अधिकारी इंद्र विक्रम सिंह

## सीएम डैशबोर्ड में टॉप टेन प्रदर्शन पर सराहना, बड़ी परियोजनाओं व जनकल्याणकारी योजनाओं पर सख्त निर्देश

( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )।** जनपद में विकास योजनाओं की रफ्तार को और तेज करने तथा शासन की प्राथमिकताओं को जमीनी स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू कराने के उद्देश्य से सचिव कृषि, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं निर्यात प्रोत्साहन विभाग उ0प्र0 शासन/नोडल अधिकारी इंद्र विक्रम सिंह ने जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह की मौजूदगी में विकास भवन स्थित रानी लक्ष्मीबाई सभागार में गहन समीक्षा बैठक कर सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



बैठक में केंद्र एवं राज्य सरकार की प्रमुख योजनाओं, विकास एवं राजस्व कार्यों तथा कानून व्यवस्था की स्थिति का गहन समीक्षा की गई। नोडल अधिकारी ने जनपद को मुख्यमंत्री डैशबोर्ड में प्रदेश स्तर पर टॉप टेन में स्थान प्राप्त करने पर बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि निरंतरता और जिम्मेदारी के साथ बनाए रखना सभी विभागों की प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने ए-रैंक प्राप्त विभागों को निर्देशित किया कि योजनाओं का लाभ शत-प्रतिशत पात्र लाभार्थियों तक पहुंचे और जनपद की रैंकिंग प्रदेश में शीर्ष स्तर पर बनी रहे। समीक्षा के दौरान पेयजल आपूर्ति, आधारभूत संरचना एवं ग्रामीण विकास से जुड़े कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई। जनपद में लगभग 1600 किलोमीटर सड़कों की खुदाई के सापेक्ष 1260 किलोमीटर सड़क निर्माण कार्य पूर्ण होने तथा 264 ग्राम पंचायतों में लगभग 330 किलोमीटर कार्य अवशेष पाए जाने पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में सड़क पुनर्निर्माण कार्य को प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध ढंग से पूर्ण किया जाए, ताकि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो। फैमिली आईडी के शत-प्रतिशत लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए उप कृषि निदेशक, डीसी मनरेगा एवं समाज कल्याण विभाग सहित संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि विभागवार लाभार्थियों की पहचान कर विशेष शिविरों के माध्यम से तेजी से फैमिली आईडी तैयार कराई जाए, जिससे योजनाओं का लाभ सीधे पात्र व्यक्तियों तक पहुंच सके। सीएमआईएस पोर्टल पर एक करोड़ रुपये से अधिक लागत वाली 292 परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए नोडल अधिकारी ने कार्यदायी संस्थाओं की प्रगति पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बिना पूर्व सूचना के कार्य में शिथिलता या लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। समीक्षा के दौरान जिला कारागार उरई, राजकीय मेडिकल कॉलेज में 50 बेड क्रिटिकल केयर यूनिट तथा तहसील उरई के आवासीय भवन निर्माण कार्यों में अपेक्षित प्रगति न होने पर गहरी नाराजगी व्यक्त की गई। इन परियोजनाओं में विलंब को गंभीरता से लेते हुए संबंधित परियोजना प्रबंधकों एवं अभियंताओं के विरुद्ध जवाबदेही तय करने के निर्देश दिए गए। साथ ही नर्सिंग कॉलेज निर्माण कार्य में हो रही देरी पर भी जवाबदेही निर्धारित करने को कहा गया। नोडल अधिकारी ने यह भी निर्देश दिए कि सभी निर्माण परियोजनाओं में कार्य प्रारंभ होने से पूर्व जनप्रतिनिधियों द्वारा विधिवत भूमि पूजन सुनिश्चित कराया जाए तथा निर्माण कार्य पूरी पारदर्शिता और निर्धारित मानकों के अनुरूप ही संपन्न हो। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध कार्य ही सरकार की मंशा को साकार कर सकता है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी के.के. सिंह, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) संजय कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. बीरेंद्र सिंह, डीसी मनरेगा रामेन्द्र सिंह, परियोजना निदेशक अखिलेश तिवारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# धनुक कठेरिया समाज का 11वां सामूहिक विवाह महासम्मेलनः मंत्री आशीष पटेल ने 12 जोड़ों को दिया आशीर्वाद

## उरई विधानसभा सीट के टिकट पर दावेदारों की लाइन

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** शहर के झांसी रोड़ उरई सिरौठिया ग्राउंड में धनुक कठेरिया समाज द्वारा आयोजित 11वें सामूहिक विवाह महासम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल अपना दल एस पहुंचे। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी प्रदीप सिरौठिया ने की, जबकि संचालन सुंदर सिंह दीवान ने किया।

मंत्री जी ने 12 नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए कहा आज से आपकी सबसे बड़ी जिम्मेदारी जीवन भर एक-दूसरे का साथ निभाना और परिवार को मजबूती से संभालना है। आयोजन में महेंद्र भदारी, दीपू सिरौठिया, आनंद बाबू, अनिल कुदारी जिला अध्यक्ष अपना दल एस, अनिल अटरिया पूर्व जिला अध्यक्ष, संजू कठेरिया जिला पंचायत सदस्य,एवं छात्र पाल कठेरिया समेत समाज के सैकड़ों सदस्यों ने भाग लिया। सिरौठिया परिवार ने मंत्री जी का फूलमाला से भव्य स्वागत किया। मंत्री ने महेंद्र भदारी एवं उनकी टीम को धन्यवाद दिया और कहा कि ऐसे आयोजन कराते रहे। कार्यक्रम के दौरान समाजबंधुओं ने उरई विधानसभा चुनाव को लेकर मंत्री से महेंद्र भदारी को टिकट देने का आग्रह किया। उन्होंने कहा हमारा वोट बैंक हमेशा बढ़ता जा रहा है, इसलिए उरई से महेंद्र भदारी को प्रत्याशी बनाएं ताकि बुंदेलखंड में समाज का विधायक बने। सैकड़ों महिलाओं की मौजूदगी में चर्चा जोरदार रही।

# ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस का डीएम ने किया औचक निरीक्षण, सुरक्षा व पारदर्शिता पर विशेष फोकस

## सीसीटीवी मॉनिटरिंग सिस्टम की बारीकी से जांच, लॉग-बुक में दर्ज की निरीक्षण टिप्पणी

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के निर्देशों के अनुपालन में जिला निर्वाचन अधिकारी जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने जनपद मुख्यालय स्थित ईवीएम एवं वीवीपैट वेयरहाउस (प्रथम एवं द्वितीय) का मासिक स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने वेयरहाउस की सुरक्षा, संरक्षा एवं पारदर्शिता से जुड़े सभी पहलुओं की गहन समीक्षा की। जिला निर्वाचन अधिकारी ने ईवीएम लॉग-बुक का अवलोकन कर उसमें अपनी निरीक्षण टिप्पणी अंकित की और अभिलेखों के समुचित रख-रखाव पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने वेयरहाउस में स्थापित सीसीटीवी मॉनिटरिंग सिस्टम को भी विस्तार से देखा औरत कैमरों के माध्यम से होने वाली निगरानी की गुणवत्ता व निरंतरता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ईवीएम एवं वीवीपैट की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है, इसलिए किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दास्त नहीं की जाएगी। सभी संबंधित कार्मिकों को निर्देशित किया गया कि वे निर्धारित प्रोटोकॉल का कड़ाई से पालन करें और नियमित रूप से व्यवस्थाओं की निगरानी करते रहें। इस अवसर पर तलहा मजहर, ईवीएम सहायक सहित संबंधित कर्मचारी उपस्थित रहे।

# खेत विवाद में घर में घुसकर कुल्हाड़ी-लाठी से जमकर पीटा, डीएम व एसपी से लगाई न्याय की गुहार

## -गृह स्वामी सहित पुत्र पुत्रियां पत्नी कुल 5 घायल



( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )।** कोतवाली कालपी क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम मैनूपुर निवासी छोटे पुत्र अदल ने जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक को शिकायत पत्र देकर बताया कि 26 अप्रैल 2026 को सुबह 10:30 बजे वीरेंद्र, शिवकुमार, किशन व उनके परिजनों ने घर में घुसकर अवैध हथियारों लाठी, कुल्हाड़ी, सब्बल, डंडा से पूरे परिवार पर हमला बोला।

परिवार गंभीर घायल हमले में छोटे, उसकी पुत्रियां कंचन व राधा, पुत्र रामभरोसे सिर में सब्बल, पत्नी कमलेश हाथ-छाती व स्वयं को गंभीर चोटें आईं। आरोपी गांव में नहीं रहने देंगे, जान से मार देंगे धमकी देते हुए भागे। 112 पुलिस ने मौके पर पहुंचकर बचाया, एम्बुलेंस से कालपी अस्पताल ले जाया गया, जहां से जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। पीड़ित ने बताया कि 10 साल पुरानी रंजिश चली आ रही है। दो बीघा उबड़-खाबड़ जमीन समतलीकरण पर छोटे ने 18 हजार रुपये खर्च किया, फिर भी आरोपी जबरन जोत-बखार कर रहे हैं। गांव वालों ने घटना देखी, इलाज अपर्याप्त होने से परिवार चिंतित। जालौन में खेत विवादों से हिंसा आम है। पीड़ित ने डीएम से आरोपीगणों के खिलाफ तत्काल रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की मांग उठाई है।

# निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और प्रगति पर सख्त नजर, नोडल अधिकारी ने किया मिनी स्टेडियम का निरीक्षण

## समयबद्ध और मानक अनुरूप कार्य पूर्ण कराने के निर्देश

( यंग भारत न्यूज )

**उरई।** उत्तर प्रदेश शासन के सचिव कृषि, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं निर्यात प्रोत्साहन विभाग तथा जनपद के नोडल अधिकारी इंद्र विक्रम सिंह ने जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह की मौजूदगी में राजकीय इंटर कॉलेज उरई, में निर्माणाधीन इंडोर मिनी स्टेडियम का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की गुणवत्ता, प्रगति और निर्धारित मानकों का बारीकी से जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों और कार्यदायी संस्था को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।





निरीक्षण के दौरान नोडल अधिकारी को अवगत कराया गया कि लगभग 4.92 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित हो रहे इस इंडोर मिनी स्टेडियम में सिविल कार्यों के साथ-साथ आंतरिक एवं बाह्य जलापूर्ति, सेनेटरी, सीवरेज, विद्युत व्यवस्था सहित विभिन्न आधारभूत सुविधाओं का विकास किया जा रहा है। स्टेडियम में बैडमिंटन हॉल, टेबल टेनिस हॉल, प्रशासनिक कक्ष, चेंजिंग रूम, टॉयलेट ब्लॉक एवं अन्य आवश्यक संरचनाएं प्रस्तावित हैं, जिससे स्थानीय युवाओं को खेल सुविधाओं का बेहतर लाभ मिल सके। कार्यदायी संस्था द्वारा जानकारी दी गई कि परियोजना का कार्य 09 अक्टूबर 2025 से प्रारंभ हुआ है और वर्तमान में लगभग 42 प्रतिशत भौतिक प्रगति प्राप्त हो चुकी है। अब तक लगभग 1.80 करोड़ रुपये व्यय किए जा चुके हैं। नोडल अधिकारी ने कार्य की गति को और तेज करते हुए इसे निर्धारित समयसीमा के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए, साथ ही यह भी कहा कि निर्माण में गुणवत्ता से किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की खेल अवसंरचना युवाओं के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है, इसलिए निर्माण कार्य में तकनीकी मानकों और पारदर्शिता का विशेष ध्यान रखा जाए। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने भी कार्यदायी संस्था को निर्देशित किया कि नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करते हुए कार्य को समयबद्ध ढंग से पूर्ण कराया जाए, ताकि जनपद के खिलाड़ियों को शीघ्र ही आधुनिक सुविधाओं से युक्त स्टेडियम उपलब्ध हो सके। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी केके सिंह, आदि संबंधित विभागों के अधिकारी, कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बाजार में चल रहे मिलावट के इस दौर में विवाह के आर्डर में भारी मिलावट पाय जाने पर प्रशासन ने दिखाई सख्ती

( यंग भारत न्यूज )

- राज कुमार दुग्ध भंडार मेन रोड को राम मिलान ने समारोह हेतु दिया था दूध खोया राबड़ी पनीर आदि खाद्य सामग्री का आर्डर
- बेईमान दुकानदार ने माल भी मिलावटी और घटिया दिया, तथा दाम भी बाजार से ज्यादा लगाएं
- जब प्रशासन चढ़ बैठा और हो गई सेम्पलिंग तो घबराए दुकानदार ने सारा माल वापस ले लिया , और लिए गए पैसे भी लौटाए

**उरई ( जालौन )** शादी की खुशियों के बीच उस समय बड़ा हंगामा खड़ा हो गया जब इंद्रा नगर निवासी राम मिलन राजपूत द्वारा 28 अप्रैल को होने वाली बहन की शादी के लिए खरीदे गए पनीर, दही, खोया, रबड़ी और अन्य खाद्य सामग्री में मिलावट और घटिया गुणवत्ता का आरोप सामने आया।

पीड़ित ने आरोप लगाया कि राजकुमार दुग्ध भंडार (बच्चा स्वीट हाउस के सामने) से लिए गए सामान की गुणवत्ता बेहद खराब थी और साथ ही प्रिंट रेट से अधिक कीमत भी वसूली गई थी। सबसे बड़ा विवाद तब बढ़ा जब दुकानदार ने शुरुआत में बिल देने से इनकार कर दिया। मौके पर पहुंची खाद्य विभाग की टीम मामले की सूचना पर खाद्य विभाग के अधिकारी बी.के. राय टीम के साथ मौके पर पहुंचे और पनीर, खोया, दही समेत कई खाद्य पदार्थों के सैंपल भरकर जांच के लिए भेज दिए। अधिकारी ने मौके पर दुकानदार को कड़ी चेतावनी भी दी और साफ कहा कि रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई तय होगी।

# भारत वेलफेयर फाउण्डेशन के लोगों ने स्टेशन रोड़ पर पिलाया राहगीरों को शर्वत

## भीषण गर्मी में राहगीरों को मिली राहत

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )** जनपद का युवाओं का अग्रणी संगठन भारत वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा स्टेशन रोड उरई में शर्बत वितरण किया गया। जिससे शीतल शर्बत से राहगीरों ने अपना गला तर किया।

गौरतलब रहे कि भीषण गर्मी में लोग जब घर से निकलने से हिचकने लगे हैं ऐसे भीषण गर्मी में युवाओं की टीम जिसमें भारत वेलफेयर फाउंडेशन के अध्यक्ष शुभम राज अग्रवाल,आदित्य सिंह, युवराज सिंह तोमर,अंश मिश्रा, प्रपुज्य दुबे, शुभ सोनी ,अनमोल गहोई, संकल्प दीक्षित,धीरेंद्र सिंह गौर आदि सदस्यों ने स्टेशन रोड पर शीतल शर्बत का वितरण किया। यह शर्बत कार्यक्रम के दौरान राहगीरों को रोक रोक कर शर्बत पिलाया गया। जहां लोगों ने ठण्डे शर्बत का खूब मजा लिया और युवाओं को शुभकामनायें दीं।

# सबाविमं मे मेधावी छात्राओ को किया गया सम्मानित

## सम्मान पाकर गदगद हो गयी छात्राएं

यंग भारत न्यूज )

**कोंच** गल्ला मंडी स्थित सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कालेज, सरस्वती शिशु मंदिर, शिशु वाटिका मे कक्षा दशम, द्वादश मे उत्तीर्ण टॉप पाँच पाँच छात्राओ को सम्मानित किया गया कार्यक्रम मे शिशु कल्याण समिति के अध्यक्ष आर बी मिश्रा, उपाध्यक्ष डॉ दिलीप अग्रवाल, प्रबंधक कुं नरसिंह गहरवार एडवोकेट, सह प्रबंधिका मधु गुप्ता, सदस्य आनंद समरया, डॉ नीता रेजा, कृष्णा झा, प्रधानाचार्या अर्चना वर्मा के साथ मथुरा प्रसाद महाविद्यालय के प्रोफेसर ओम प्रकाश यादव, महेन्द्र नाथ मिश्रा, लबलेश कुमार मंच पर विराजमान रहे।विद्यालय के परीक्षा प्रभारी पंकज बाजपेई ने बताया कि इंटरमीडिएट मे कुल पंजीकृत छात्रा 99 थी, 98 छात्राओ ने परीक्षा दीं जिसमे प्रथम श्रेणी से 59, द्वितीय श्रेणी से 35, तृतीय श्रेणी से 01 छात्रा उत्तीर्ण हुयी।वही हाईस्कूल मे 91 छात्राओ ने परीक्षा दीं जिसमे 85 छात्राये प्रथम श्रेणी, 06 छात्राये द्वितीय श्रेणी से पास हुयी कक्षा दशम / द्वादश की छात्राओ मे टॉप फाइव छात्राओ को समिति द्वारा सम्मानित किया गया जिसमे कक्षा द्वादश मे विद्यालय टॉप रही एबं साथ साथ जेई मेंस मे 93.13 प्रतिशत अंक लाने बाली छात्रा मेघा गुप्ता 435/500 के साथ महक पटेल 430/500, निशा 424/500, अनामिका 404/500, अनुष्का पटेल 404/500, दिव्या कुशवाहा 401/500, एबं कक्षा दशम मे अदितिराज 528/600, मनु 524/600, गौरी चौहान 519/600, माही 513/600, महक 504/600 अंक प्राप्त करने बाली छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रभारी नरेन्द्र सिंह ने किया इस अवसर पर विद्यालय के नरेंद्र सिंह,पंकज बाजपेई, नीतू गर्ग, सरोज खरे, सरला मिश्रा,शैलेन्द्र सिंह, विवेक तिवारी, शिवानी सिंह, ज्योति गुप्ता,आकांक्षा सिंह,जीतेन्द्र सिंह,मनीष अग्रवाल, गौत्तम पटेल, रवि कुमार,विनीत खरे, मृदुल दुबे,सतीश पाण्डेय,कृष्णकुमार, सुनील पाठक, धीरेन्द्र सिंह, मनोज दुबे, अशोक शर्मा, हरिकिशोर, रामकुमार, अरविन्द,अंजना,आकांक्षा दीक्षित, सरिता,योगेश, अंकित पटेल,चंदा कुशवाहा, दीक्षा, सोनम, आदित्य कुमार,शुभम अग्रवाल सहित पूरा विद्यालय परिवार उपस्थित रहा कार्यक्रम के अंत मे विद्यालय की प्रधानाचार्य अर्चना वर्मा ने उपस्थित अतिथिओ का आभार व्यक्त कर।मेधावी छात्राओ को बधाई दी।

# विधुत विजिलेंस टीम ने आजाद नगर में की छापामारी

## अवैध कनेक्शन मिलने पर की कार्रवाई

यंग भारत न्यूज )

**कोंच** नगर के मुहल्ला आजाद नगर में बुधवार को विद्युत विजिलेंस टीम द्वारा छापेमारी की गई, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया। टीम के पहुंचते ही आसपास के लोगों में हलचल बढ़ गई और कई उपभोक्ता अपने घरों के बाहर निकल आए ।जानकारी के अनुसार, विद्युत विजिलेंस प्रभारी जेई प्रमोद कुमार एवं इंस्पेक्टर मुहम्मद आसिफ के नेतृत्व में विशेष बिजली चैकिंग अभियान चलाया गया।इस दौरान टीम ने मुहल्ले के कई घरों में विद्युत कनेक्शनों की जांच की और मीटरों की स्थिति का निरीक्षण किया। जांच के दौरान एक उपभोक्ता के घर में बिजली चोरी का



मामला सामने आया।टीम को वहां बाईपास कर अवैध रूप से बिजली का उपयोग करते हुए कनेक्शन मिला। इस पर अधिकारियों ने तत्काल कनेक्शन काट दिया और संबंधित उपभोक्ता के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई शुरू कर दी गयी ।विद्युत विभाग के अधिकारियों ने बताया कि बिजली चोरी रोकने और राजस्व हानि कम करने के उद्देश्य से यह अभियान चलाया जा रहा है ।उन्होने कहा आगे भी नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसे चैकिंग अभियान जारी रहेंगे। टीम ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे वैध कनेक्शन के माध्यम से ही बिजली का उपयोग करें तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर विभाग को सूचना दें ।टीम का नेतृत्व कर रहे जेई प्रमोद कुमार ने कहा विधुत चोरी कतई न करे यदि कोई भी विधुत चोरी करते पकडा गया तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी ।वही उन्होने विधुत उपभोक्ताओ से अपील की है कि समय से बूल जमा कर कार्रवाई से बचे।

# नगर के पैट्रोल पंपो पर उपभोक्ताओं को नहीं मिल पा रहा पैट्रोल

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई** । पैट्रोल डीजल की कोई कमी नहीं है इसके बाद भी नगर के पैट्रोल पंपो पर उपभोक्ताओं को पैट्रोल नहीं मिल पा रहा है ।उपभोक्ता पैट्रोल के लिए परेशान हो रहे और पैट्रोल पम्पों के चक्कर लगा रहे हैं।

नगर व आसपास संचालित पैट्रोल पम्प संचालक मनमानी कर रहे हैं। इस समय किसानों को डीजल की आवश्यकता है। खराब मौसम के चलते किसान फसलों की कटाई कराना चाह रहा है लेकिन उन्हें पर्याप्त डीजल न मिलने के कारण दिक्कत हो रही है। नगर व आसपास बुधवार से पैट्रोल की कमी बताकर पैट्रोल पम्प संचालक उपभोक्ताओं को पैट्रोल नहीं दे रहे हैं। उरई जालौन मार्ग भिटारा के पास संचालित इंडियन आयल के पैट्रोल पम्प पर एक सप्ताह से डीजल व पैट्रोल नही मिल पा रहा है। पम्प आपरेटर द्वारा डीजल, पेट्रोल न मिलने की बात कही जा रही है।कमोवेश यही हाल उरई जालौन मार्ग स्थित श्रीराम गार्डन के पास संचालित पैट्रोल पम्प पर भी रहा, जहां बुधवार को गिने चुने लोगों को ही पैट्रोल दिया गया। नगर व आसपास के पैट्रोल पम्पों पर लोगों को पैट्रोल मिलने दिक्कत हो रही है।आरोप है कि पैट्रोल पम्प संचालक रात के अंधेरे में थोक में बिक्री कर मुनाफा कमा रहे हैं। उपभोक्ता सोनू चौधरी , विकास नगायच, प्रखर श्रीवास्तव बताते हैं कि जब उन्हें इन दोनों पैट्रोल पम्पों पर पैट्रोल नही मिला तो लगा कि पैट्रोल की कमी है जिसके कारण उन्होंने दूसरे पैट्रोल पम्पों पर जाकर पैट्रोल भरवाया।बुधवार को उपभोक्ताओं को यहां पैट्रोल न मिलने के कारण उन्हें पैट्रोल पम्पों के चक्कर लगाना पड़ा। पैट्रोल पम्प संचालक पैट्रोल न होने तथा पैट्रोल की गाड़ी आने पर पैट्रोल देने की बात कहकर टहला रहे थे। जिससे नगर में पैट्रोल पर ही चर्चा होती नजर आई। की होने की चर्चा चल रही है। पूर्ति निरीक्षक सुनील कुमार ने बताया कि उन्हें जानकारी नहीं है। वह पैट्रोल पम्प संचालक से बात करेंगे।

# मिशन शक्ति टीम की तत्परता और संवेदनशील पहल से पारिवारिक मामला सुलझा

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई** । कोतवाली में पारिवारिक विवाद का एक मामला मिशन शक्ति टीम की तत्परता और संवेदनशील पहल से सुलझा लिया गया।

रापटगंज निवासी वंदना राठौर पत्नी भगवान सिंह ने अपने पति पर मारपीट का आरोप लगाते हुए कोतवाली में शिकायत की थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए मिशन शक्ति केन्द्र प्रभारी एसएसआई संजय कुमार यती ने तत्काल दोनों पक्षों को बुलाया। प्रार्थना पत्र में लगाए गए आरोपों की जांच महिला चौकी प्रभारी मधू देवी एवं एसआई राम किशोर सिंह द्वारा कराई गई। जांच के दौरान दोनों पक्षों से अलग-अलग एवं संयुक्त रूप से वार्ता की गई। पीडिता वंदना राठौर ने बताया कि पति द्वारा अक्सर उसके साथ मारपीट की जाती है। जिसके बाद उसने कोतवाली में शिकायत की। वहीं पति भगवान सिंह ने भविष्य में इस प्रकार की घटना न दोहराने और पत्नी के साथ सम्मानपूर्वक पारिवारिक जीवन यापन करने का आश्वासन दिया। दोनों पक्षों की सहमति से मामला शांतिपूर्ण ढंग से सुलझ गया और दोनों पक्ष शांतिपूर्ण तरीके से साथ रहने को राजी हो गए। अंततः पुलिस की सूझ बूझ से एक परिवार बिखरने से बच गया।

# नहर की रेलिंग से टकराई बाइक, बाइक सवार तीन गंभीर रूप से घायल

## घायलो को जिला अस्पताल भेजा गया

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** कैलिया थाना क्षेत्र में सोमवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया ।जानकारी के अनुसार क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पिपरी नहर के पास एक तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर नहर की रेलिंग से टकरा गई। हादसे में बाइक सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची डायल 112 पुलिस ने घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोंच पहुंचाया जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर सभी घायलो को जिला अस्पताल उरई रेफर कर दिया गया ।जानकारी के अनुसार, राहुल पुत्र झल्लन उम्र 23 वर्ष, निवासी ग्राम चमेड, अपनी बहन दुर्गा पत्नी रविन्द्र तथा बहनोई रविन्द्र पुत्र धन सिंह निवासी ग्राम आलमपुर जिला भिंड के साथ मोटरसाइकिल से सलैया मंदिर पूजा करने जा रहे थे ।तभी रास्ते में पिपरी नहर के पास बाइक अचानक अनियंत्रित हो गई और सीधे जाकर नहर रेलिंग से जा भिड़ी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि तीनों बाइक सवार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए ।घटना की सूचना राहगीरों ने पुलिस को दी, जिसके बाद डायल 112 टीम मौके पर पहुंची और एंबुलेंस की सहायता से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोंच भेजा गया ।जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर चोटें होने के कारण तीनों को जिला अस्पताल उरई रेफर कर दिया गया। हादसे के बाद परिजनों में चिंता का माहौल है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। प्रारंभिक अनुमान के मुताबिक तेज रफ्तार और बाइक का संतुलन बिगड़ना हादसे का कारण माना जा रहा है।

# जनसुनवाई में जिलाधिकारी की संवेदनशीलता, फरियादियों को मिला त्वरित न्याय

## हर शिकायत पर सख्त नजर, मौके पर ही समाधान के निर्देश

( यंग भारत न्यूज )



जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई के दौरान दूर-दराज से आए फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके त्वरित व प्रभावी निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। जनसुनवाई में प्रशासन की सक्रियता और संवेदनशीलता का प्रभाव साफ दिखाई दिया, जहां कई मामलों में मौके पर ही समाधान सुनिश्चित कराया गया ।जिलाधिकारी ने कहा कि जनसुनवाई केवल एक औपचारिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि आमजन की समस्याओं के समाधान का सबसे प्रभावी माध्यम है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक प्रार्थना पत्र को प्राथमिकता के आधार पर लेते हुए समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए और किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जनसुनवाई के दौरान राजस्व, पुलिस, विकास एवं सामाजिक सुरक्षा से जुड़े अनेक प्रकरण सामने आए, जिनमें से कई मामलों में तत्काल कार्रवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ होना चाहिए, जिससे लोगों का प्रशासन पर विश्वास और मजबूत हो। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जिन प्रकरणों का तत्काल निस्तारण संभव नहीं है, उनकी नियमित मॉनिटरिंग कर शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जाए तथा फरियादियों को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। साथ ही उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए, ताकि समस्या का स्थायी समाधान हो सके। जनसुनवाई में आए फरियादियों ने प्रशासन की इस तत्परता और संवेदनशीलता की सराहना करते हुए संतोष व्यक्त किया। जनपद में इस प्रकार की सक्रिय पहल से शासन की जनकल्याणकारी मंशा को प्रभावी रूप से धरातल पर उतारा जा रहा है।

# कालपी में नेशनल हाईवे पर भीषण सड़क हादसा, रॉंग साइड से आई बोलेरो से आर्टिका की जोरदार टक्कर

## -आर्टिका सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल

( यंग भारत न्यूज )



**उरई** ।कालपी कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत नेशनल हाईवे-27 पर गुरुवार को एक बड़ा सड़क हादसा हो गया, जब गलत दिशा में अचानक आई बोलेरो ने कानपुर की ओर से आ रही आर्टिका कार को सीधी टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए और आर्टिका सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कानपुर की ओर से आ रही आर्टिका कार संख्या यूपी 78 ईके 8384 के सामने अचानक बोलेरो संख्या यूपी 93 एएच 1843 गलत दिशा में लेन बदलते हुए आ गई, जिससे दोनों वाहनों में आमने-सामने की जबरदस्त भिड़ंत हो गई। हादसे के बाद बोलेरो सवार मौके का फायदा उठाकर फरार हो गए। टक्कर इतनी जोरदार थी कि आर्टिका सवार दोनों युवक गाड़ी में ही फंस गए। स्थानीय लोगों ने काफी मशक्कत के बाद दोनों को बाहर निकाला। हादसे में दोनों युवकों के पैर बुरी तरह घायल हो गए और उनकी हालत गंभीर बनी रही। घटना की सूचना दिए जाने के बावजूद एम्बुलेंस समय पर नहीं पहुंची, जिससे घायलों की हालत और बिगड़ गई। बाद में स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को कालपी के स्थानीय अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार घायल युवक उन्नाव जनपद के शुक्लागंज निवासी अभय मिश्र और विशाल तिवारी बताए जा रहे हैं, जो आर्टिका कार से उरई की ओर जा रहे थे। इसी दौरान कालपी कोतवाली क्षेत्र में यह हादसा हो गया। घटना के बाद हाईवे पर कुछ समय के लिए यातायात भी प्रभावित रहा। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और फरार बोलेरो चालक की तलाश की जा रही है।

# विधुत पोल से टकराई बाइक युवक घायल

( यंग भारत न्यूज )



**कोंच** नगर में बुधवार को बख्शेश्बर मंदिर के पास एक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया जहां अनियंत्रित मोटरसाइकिल विद्युत खंभे से टकरा गई। दुर्घटना में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे स्थानीय लोगों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया ।जानकारी के अनुसार, घायल युवक रेहान पुत्र अमजद निवासी पटेल नगर बताया गया है। बताया गया है कि रेहान मंडी क्षेत्र में स्थित अपनी दुकान पर कार्य करता है। बुधवार को वह दुकान से काम निपटाकर अपने दूसरे मकान काशीराम कालोनी जा रहा था। इसी दौरान बख्शेश्वर मंदिर के पास उसकी बाइक अचानक अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे लगे विद्युत पोल से टकरा गयी।

टक्कर इतनी तेज थी कि रेहान बाइक समेत सड़क पर गिर पड़ा और उसे चोटें आईं। हादसे के बाद आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर उसे संभाला और उपचार के लिए सीएचसी पहुंचाया ।अस्पताल में चिकित्सकों द्वारा घायल युवक का उपचार किया जा रहा है। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन भी अस्पताल पहुंच गए। हादसे के कारण कुछ देर के लिए मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई।

# कोतवाली पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी, हार-जीत की बाजी लगा रहे 10 को दबोचा

यंग भारत न्यूज )






**कोंच** कोतवाली पुलिस ने नामी ग्रामी जुए के एक फड़ पर छापा मारकर 10 जुआरियों को जुआ खेलते हुए गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने मालफड़ सहित जुआरियों की जामातलाशी में 1 लाख 68 हजार रुपए बरामद किए हैं। मौके से 11 बाइक और 6 मोबाइल फोन भी पुलिस ने अपने कब्जे में लिए हैं।गिरफ्तार सभी जुआरियों के विरुद्ध पुलिस ने धारा 13 जी एक्ट अधिनियम में मामला दर्ज कर पुलिस ने इनका चालान कर दिया है ।वही एक जुआरी मौके से भागने में कामयाब हो गया है। गिरफ्तार जुआरियों में से एक भाजपा की महिला सभासद का पति है, जो चर्चा का विषय बना है।

जानकारी के अनुसार, नगर क्षेत्र में लंबे समय से जुए का बड़ा फड़ सजने और आसपास के तमाम नामचीन एवं बड़े जुआरियों के फड़ पर आकर लाखों रूपये की बाजी लगाने की सूचना पुलिस को मिल रही थी। संगठित अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध पुलिस अधीक्षक विनय कुमार के निर्देश और क्षेत्राधिकारी परमेश्वर प्रसाद के नेतृत्व में चलाए जा रहे अभियान के तहत मंगलवार की शाम कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक बृजेश बहादुर सिंह ने नामचीन जुए को पकडने की रणनीत बनाई तथा उपनिरीक्षक शुभम सिंह परिहार, शिवनारायण, सुमित पांडेय, हे.का. अवनीश कुमार, अभिषेक भदौरिया, कांस्टेबल दीपक कुमार, धर्मराज, नितीश कुमार, राहुल सिंह, हरवंत सिंह के साथ मिलकर कोतवाली क्षेत्र के नगेपुरा मौजे में झीलरा के हार में एक स्थान पर सजाए गए जुए के फड़ पर छापा मारा। पुलिस को देख मौके पर जुआरियों में हड़कंप मच गया और जुआरी भागने की कोशिश करने लगे, लेकिन पुलिस ने जुआ खेल रहे दंगल सिंह गोखले नगर, छोटू पटैरया गोखले नगर, अनुराग गांधीनगर, देवेश ग्राम साकिन, रामराजा नया पटेल नगर, अजय ग्राम खरुसा, मोहित गांधीनगर, गजेंद्र यादव जयप्रकाश नगर, नृपेंद्र गांधीनगर, अहमद खां आजाद नगर को पकड़ लिया। पुलिस ने मालफड़ 1 लाख 49 हजार 700 और जुआरियों की जामातलाशी में 18 हजार रुपए बरामद किए हैं ।वही मौके से 11 मोटरसाइकिले और 6 मोबाइल फोन भी पुलिस ने अपने कब्जे में लिए हैं। पुलिस ने उपरोक्त सभी जुआरियों के खिलाफ धारा 13 जुआ अधिनियम में मामला दर्ज कर चालान कर दिया है। वहीं मौके से फरार हुए जुआरी राहुल उर्फ बंटा निवासी तिलक नगर को पकड़ने में पुलिस जुटी है ।पुलिस की इस बडी कार्रवाई से नगर के जुआरियो में हड़कंप मच गया ।वही प्रभारी निरीक्षक बृजेश बहादुर सिंह ने कहा कि क्षेत्र में जुआ किसी भी सूरत में नही होने दिया जाएगा।

# तहसील परिसर में बंदरो का आतंक

## कटखने बंदरो को पकडने के लिए वकीलो ने एसडीएम को दिया ज्ञापन

यंग भारत न्यूज )



**कोंच** तहसील परिसर में इन दिनों बंदरों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है, जिससे अधिवक्ताओं, कर्मचारियों तथा आम नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस गंभीर समस्या को लेकर तहसील में कार्यरत अधिवक्ताओं उपजिलाधिकारी ज्योति सिंह को एक ज्ञापन देकर तत्काल कार्रवाई की मांग की है ।अधिवक्ताओं ने बताया कि तहसील परिसर में बंदरों के झुंड दिनभर इधर-उधर घूमते रहते हैं और न्यायिक कार्य में बाधा उत्पन्न कर रहे हैं। यदि कोई अधिवक्ता थोड़ी देर के लिए न्यायालय कक्ष, पानी पीने या अन्य कार्य से बाहर जाता है तो बंदर उनकी फाइलें, दस्तावेज और जरूरी कागजात उठा ले जाते हैं, जिससे कार्य प्रभावित हो रहा है ।अधिवक्ताओं ने यह भी बताया कि बंदरों का हमला कई बार जानलेवा साबित हो सकता है ।इतना ही नही कई अधिवक्ताओं को इन कटखने बंदरों ने काट लिया। हाल ही में 25 अप्रैल को बंदरों ने संदीप कुमार श्रीवास्तव एडवोकेट को काटकर घायल कर दिया। इसके अतिरिक्त बंदर परिसर में खड़ी मोटरसाइकिलों को भी नुकसान पहुंचा रहे हैं। वे गाड़ियों की सीटें फाड़ देते हैं तथा बैग और अन्य सामान भी क्षतिग्रस्त कर देते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले लोगों का सामान भी बंदर छीन ले जाते हैं ।स्थिति की गंभीरता को देखते हुए अधिवक्ताओं ने एसडीएम से मांग की है कि वन विभाग की सहायता से बंदरों को शीघ्र पकड़वाकर तहसील परिसर को इस समस्या से मुक्त कराया जाए, ताकि सभी लोग सुरक्षित वातावरण में अपना कार्य कर सकें ।ज्ञापन देने बालो में पूर्व बार संघ अध्यक्ष संजीव तिवारी,ओपी अग्रवाल, सन्जीत कुमार,जीतेन्द्र परिहार,आर के जाटव,शैलेन्द्र कुमार आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

# 09 मई को आयोजित होगी राष्ट्रीय लोकअदालत

## जिला जज ने न्यायिक अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर दिए आवश्यक निर्देश

( यंग भारत न्यूज )



**उरई।** उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में 09 मई 2026 को आयोजित की जाने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता सुनिश्चित किये जाने हेतु आज जनपद न्यायाधीश विरजेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिला दीवानी न्यायालय सभागार में समस्त न्यायिक अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। इसमें उपस्थित न्यायिक अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

इस सम्बन्ध में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती शाम्भवी- । द्वारा बताया गया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार समीक्षा बैठक में माननीय जनपद न्यायाधीश श्री विरजेन्द्र कुमार सिंह ने उपस्थित सभी न्यायिक अधिकारियों को निर्देशित किया कि जो मामले नेशनल ज्यूडिशियल डाटा ग्रिड (एनजेडीजी0) पर दर्ज है, मात्र वहीं मामले इस लोकअदालत में निस्तारित किये जायेंगे। ऐसी स्थिति में सभी अधिकारी उनके न्यायालयों में विचाराधीन मामलों में से ऐसे मामलों को तत्काल चिन्हित करके सम्बन्धित पक्षकारों को अविलम्ब सूचित करें तथा वादकारियों को सुलह-समझौते के लिये प्रेरित करें और अधिक से अधिक प्रकरणों का निस्तारण करें। उन्होंने दिनांक 06 से 08 मई 2026 तक प्रत्येक दिन आयोजित विशेष लोकअदालत में लघु शमनीय आपराधिक (पेटी ऑफेन्स) मामलो को अधिक से अधिक संख्या में निस्तारित करने के लिये समस्त न्यायिक मजिस्ट्रेटों को आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिये निर्देशित किया, जिससे लघु शमनीय आपराधिक मामलों का निस्तारण हो सके। इसी क्रम में सम्बन्धित न्यायालयों के पीठासीन अधिकारियों को आगामी दिनांक 09.05.2026 को आयोजित होने वाली आर्बिट्रेशन मामलों की विशेष लोकअदालत हेतु अधिकाधिक संख्या में वाद नियत करने तथा उन्हें निस्तारित करने का भी निर्देश दिया गया। बैठक में नोडल अधिकारी/अपर जिला न्यायाधीश श्री सतीश चन्द्र द्विवेदी, अपर जिला जज/विशेष न्यायाधीश श्री चन्द्र मोहन चतुर्वेदी, श्री मुन्ना प्रसाद, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री अभिषेक खरे, सिविल जज सी0डि0 श्रीमती प्रतिभा, सिविल जज सी0डि0/एफ0टी0सी0 श्रीमती मनाली चन्द्रा, सिविल जज जू0डि0/न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री प्रत्यूश प्रकाश, न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती शिंजनी यादव, अपर सिविल जज जू0डि0 श्रीमती अंकिता सिंह, अपर सिविल जज जू0डि0 श्री अनिरूद्ध सिंह, अपर सिविल जज जू0डि0 (14वां वित्त आयोग) सुश्री शैजला एवं विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्री सैयद अली मेहदी आबिदी उपस्थित रहे।

# यूपी में 25 ब्रांड के तेल और देसी घी की बिक्री पर लगा बैन, खाद्य विभाग की जांच में मिले हानिकारक तत्व

( यंग भारत न्यूज )

**गौतमबुद्ध नगर।** गौतमबुद्ध नगर समेत पूरे उत्तर प्रदेश में 14 तेल और 11 देसी घी के ब्रांड अब से बेचे नहीं जा सकेंगे. जांच में इन उत्पादों में मिलावट, खाने लायक नहीं और हानिकारक तरल पदार्थ मिलने की वजह से इनकी बिक्री पर बैन लगाया गया है.

इस संबंध में उत्तर प्रदेश खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन आयुक्त की तरफ से जिला प्रशासन को पत्र भेजा गया है. शासन ने इन ब्रांडों को बेचने वालों पर कार्रवाई करने के निर्देश जिला प्रशासन को दिए है. जिला खाद्य विभाग के सहायक आयुक्त—2 सर्वेश मिश्रा ने बताया कि जनपद में कई तेल और देसी घी के सैंपल लिए गए थे. जांच में उनके नमूने फेल पाए गए. मानकों पर खरे न उतरने और खाने योग्य न पाए जाने पर शासन ने इनकी बिक्री पर पूरी तरह से रोक लगाई है. इनमें गुजरात की कंपनी ब्रजवासी एवं रत्नागिरी, हरियाणा की हरियाणा फ्रेश एवं श्री रुद्रा, दिल्ली की डेयरी नाइस पर पाबंदी लगाई गई है.

इन उत्पादों की बिक्री पर लगा बैन

इसके अलावा यूपी के गाजियाबाद में तैयार होने वाले अविक, मेरठ के सलोना गोल्ड, बुलंदशहर के श्री महेश, मुजफ्फरनगर के नेचुरल राजधानी, श्री हरियाणा फूड और मदर बेस्ट देसी घी शामिल है. वहीं, लखनऊ के हिंद वेज कंपनी का हिंद दरबार, संकट मोचन इंटरप्राइजेज कंपनी का शिखर ब्रांड, कानपुर की भीम श्री प्रोडेक्ट कंपनी का तेल, एनआर उद्योग प्रोपराइटर का तिल और अलसी का तेल, कटारिया एडिबल्स का तिल का तेल, कानपुर के वैभव एडिबल्स प्राइवेट लिमिटेड का सरसों कड़वा वैभव लक्ष्मी शामिल हैं. इनके अलावा कानपुर के मनतोरा ऑयल कंपनी बावर्ची ब्रांड, हाथरस स्थित आगरा ऑयल कंपनी का रेडी टू पैक, आगरा की एनएम ऑयल कॉरपोरेशन का पॉमोलिन रिफाइंड, मेरठ स्थित जीएस आगरा फूड का आकाशदीप, जेपी आगरा का सुंगधा एवं राधा गोल्ड, राजेंद्र कुमार सुशील चंद का तीन इक्का एवं डबल डायमंड सरसों गोल्ड, हापुड की केएल वेजिटेबल्स ऑयल का रविंद्र ब्रांड और गौरखपुर की जय लक्ष्मी का सरसों तेल की बिक्री पर भी रोक लगा दी गई है. सहायक आयुक्त ने बताया कि जनपद में इन ब्रांडों का निर्माण और बेचने की आशंका जताई गई है. जिससे विभाग को सख्त आदेश जारी कर बिक्री पर पूरी तरह रोक लगाने के निर्देश दिए गए है. छापेमारी के दौरान विभाग जांच करेगा की कही यह मार्ट, दुकान आदि में तो बेचे नहीं जा रहे है. इसके साथ ही ये भी जांच की जाएगी कि कंपनी की तरफ से इनका निर्माण तो नहीं किया जा रहा है. इसके लिए नोएडा और ग्रेटर नोएडा एरिया में खाद्य सुरक्षा अधिकारी को दिशा निर्देश दिए गए है. विभाग ने कहा कि नोएडा, ग्रेटर नोएडा और ग्रेटर नोएडा वेस्ट में निरीक्षण करते हुए छापेमारी भी की जाएगी.



# यूपी में ग्राम प्रधानों का कार्यकाल बढ़ाने की तैयारी, सरकार जल्द ले सकती है बड़ा फैसला

( यंग भारत न्यूज )

**लखनऊ।** प्रदेश में ग्राम प्रधानों के कार्यकाल को लेकर बड़ा प्रशासनिक फैसला जल्द सामने आ सकता है। 26 मई को मौजूदा ग्राम प्रधानों का कार्यकाल समाप्त होने जा रहा है, ऐसे में सरकार पंचायत व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए नई रणनीति पर विचार कर रही है।




चुनाव में देरी की वजह सूत्रों के मुताबिक, पिछड़ा वर्ग आयोग का गठन न होना और मतदाता सूची का समय पर तैयार न होना पंचायत चुनाव में देरी की बड़ी वजह बन रहा है। इसी कारण तय समय पर चुनाव कराना फिलहाल मुश्किल माना जा रहा है। ऐसे में संभावना जताई जा रही है कि कार्यकाल को बढ़ाया जा सकता है। पंचायत चुनाव की मतदाता सूची 10 जून तक आएगी राजभर ने कहा कि यूपी पंचायत चुनाव का केस अभी इलाहाबाद हाईकोर्ट में चल रहा है, जहां चुनाव समय पर कराने की मांग की गई है। हालांकि अभी तक पंचायतों की मतदाता सूची तैयार न होने से ही संशय है। पंचायत चुनाव की मतदाता सूची ही 10 जून को सामने आएगी। वहीं पिछड़ा वर्ग आयोग गठित न होने से आरक्षण का मसला भी अटका है। बीडीसी, ब्लॉक प्रमुख, जिला पंचायत सदस्य और जिला पंचायत अध्यक्ष के चुनाव में भी इस कारण देरी हो सकती है।

नई व्यवस्था पर मंथन अब तक नियम के अनुसार कार्यकाल समाप्त होने पर एडीओ पंचायत को प्रशासक बनाया जाता है, लेकिन इस बार पहली बार प्रशासक समिति को जिम्मेदारी देने पर गंभीरता से विचार किया जा रहा है। संभावना है कि इस समिति का अध्यक्ष स्वयं ग्राम प्रधान को बनाया जाए। सरकार का मानना है कि इस व्यवस्था से पंचायतों का कामकाज बिना रुकावट जारी रहेगा, जब तक नए चुनाव नहीं हो जाते। जल्द ही इस पर अंतिम निर्णय लिया जा सकता है।

# मसूद अजहर जिंदा या मर चुका? आईएसआई के आदेश से पाकिस्तान में पसरा सन्नाटा!

(यंग भारत न्यूज)

भारत का मोस्ट वांटेड आतंकी और जैश-ए-मोहम्मद का सरगना मसूद अजहर (Masood Azhar ) मारा जा चुका है? यह सवाल इसलिए पूछा जा रहा है क्योंकि पाकिस्तानी फौज और वहां की खुफिया एजेंसी आईएसआई ने उसे लेकर एक अघोषित आदेश जारी किया है।

इस आदेश में कहा गया है कि पाकिस्तान का कोई भी टीवी चैनल, अखबार या वेबसाइट मसूद अजहर से जुड़ी कोई खबर नहीं चलाएंगे और न ही छापेंगे। साथ ही, मीडिया संस्थानों के मालिकों को यह आगाह किया गया है कि यदि उनके संस्थानों द्वारा मसूद अजहर से जुड़ी कोई भी जानकारी सामने आई, तो उन्हें इसके गंभीर नतीजे भुगतने होंगे। जानकारी के मुताबिक, मसूद अजहर की तबीयत बहुत ही नाजुक है। इसी साल मार्च के महीने में उसने जैश के आतंकियों के लिए एक ऑडियो जारी किया था, जिसमें वह लगातार खांसता हुआ सुनाई दे रहा था। इतना ही नहीं, ऑडियो के आखिरी हिस्से में मसूद अजहर ने आतंकियों से अपने लिए दुआ मांगने के लिए भी कहा था। 2001 के संसद हमले से लेकर 2019 के पुलवामा ब्लास्ट जैसी आतंकी वारदातों को अंजाम देने वाला मसूद अजहर न सिर्फ अस्वस्थ है, बल्कि वह मानसिक रूप से भी परेशान है। बताया जा रहा है कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान उसने अपने परिवार के कई करीबी सदस्यों को खो दिया, जिससे वह बहुत आहत है। तब से उसने बाहर आने और यहां तक कि अपने संगठन के सदस्यों से बात करने से भी इनकार कर दिया है।




**आतंकी अजहर की कुडंली**

मसूद अजहर का जन्म 10 जुलाई 1968 को पाकिस्तान के पंजाब प्रांत (बहावलपुर) में हुआ था। उसके पिता, अल्लाह बख्श शब्बीर, एक सरकारी स्कूल के हेडमास्टर थे। अपने 11 भाई-बहनों में तीसरे नंबर का मसूद शुरुआत में एक सामान्य छात्र था, लेकिन 8वीं कक्षा के बाद उसकी दिशा पूरी तरह बदल गई। मसूद ने मुख्यधारा की शिक्षा छोड़कर मदरसे में दाखिला लिया, जहां से 1989 में उसने 'आलिम' की डिग्री हासिल की। यह मदरसा आतंकी संगठन 'हरकत-उल-अंसार' (HUA) का वैचारिक केंद्र था। मसूद की भाषाई पकड़ के कारण उसे संगठन की पत्रिका 'साद-ए-मुजाहिद्दीन' का संपादक बनाया गया। अपनी कट्टरपंथी विचारधारा और भाषण शैली के दम पर वह जल्द ही μ का जनरल सेक्रेटरी बन गया। उसका मुख्य काम आतंकियों की भर्ती करना और आतंकी गतिविधियों के लिए फंड जुटाना था।

**भारत में गिरफ्तारी और जेल**

फरवरी 1994 में मसूद अजहर फर्जी पासपोर्ट पर कश्मीर घाटी में दाखिल हुआ, ताकि गुटों के बीच चल रही आपसी कलह को सुलझा सके। हालाँकि, भारतीय सुरक्षा बलों ने उसे अनंतनाग से गिरफ्तार कर लिया। वह अगले कई सालों तक भारतीय जेल में बंद रहा।

**IC-814 हाईजैक**

काठमांडू से दिल्ली आ रहे इंडियन एयरलाइंस के विमान IC-814 को आतंकियों ने हाईजैक कर लिया और उसे अफगानिस्तान के कंधार ले गए। विमान में 178 यात्री सवार थे। आतंकियों ने इन मासूमों की जान के बदले मसूद अजहर समेत तीन बड़े आतंकियों की रिहाई की मांग रखी। सात दिनों तक चले तनावपूर्ण घटनाक्रम के बाद, भारत सरकार को यात्रियों की सुरक्षा के लिए मजबूरन मसूद अजहर, अहमद उमर सईद शेख और मुश्ताक अहमद जरगर को रिहा करना पड़ा।

**रिहाई के बाद का अंजाम**

जेल से छूटने के बाद मसूद अजहर ने पाकिस्तान जाकर 'जैश-ए-मोहम्मद' नाम का नया आतंकी संगठन बनाया। इसी संगठन ने आगे चलकर भारतीय संसद (2001), पठानकोट एयरबेस (2016) और पुलवामा (2019) जैसे जघन्य हमलों को अंजाम दिया। आज वह संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित एक 'वैश्विक आतंकवादी' है।

# मैं खालू की बीवी बनकर ही रहूंगी... मौसा शकील' के प्यार में पागल हुई भांजी ने बीच सड़क' काटा हंगामा सन्न रह गए लोग.

( यंग भारत न्यूज )

मेरा नाम अलविया बानू है. ये मेरे खालू हैं और अब मैं इन्हीं के साथ रहना चाहती हूं बीवी के रिश्ते से...' यह बयान उस युवती का है जिसने फतेहपुर की सड़कों पर घंटों तमाशा खड़ा कर दिया.



युवती की जिद और उसकी बातें सुनकर वहां मौजूद हर शख्स दंग रह गया.

**बीच सड़क पर हुआ ड्रामा**

मामला फतेहपुर के शादीपुर इलाके का है. एक युवती अपने मौसा मोहम्मद शकील के घर आई थी. जब उसके परिजन उसे जबरन ऑटो में बैठाकर वापस गांव ले जाने लगे, तो युवती चीखने-चिल्लाने लगी. वह ऑटो से उतरने की कोशिश करती रही और बार-बार एक ही बात दोहराती रही कि उसे अपने खालू के साथ ही रहना है. सैकड़ों तमाशबीनों की मौजूदगी में युवती ने साफ कह दिया कि वह मौसा की पत्नी बनकर रहना चाहती है. जब लोगों ने उसे समझाने की कोशिश की कि मौसा पहले से शादीशुदा हैं, तो उसने अड़ते हुए कहा, 'सबकी दो बीवियां होती हैं, मुझे उनके साथ ही रहना है.'

**मदद के लिए आई थी भांजी पर मौसा से ही लगा बैठी दिल**

इस पूरे विवाद की जड़ 18 महीने पुरानी है. मौसा शकील की पत्नी चांदनी ने बताया कि अलविया उनकी सगी बहन की बेटी है. करीब डेढ़ साल पहले जब चांदनी के बच्चे का जन्म हुआ था तब ऑपरेशन के दौरान मदद के लिए अलविया को घर बुलाया गया था. चांदनी का आरोप है कि इसी दौरान उसके पति और भांजी के बीच नजदीकियां बढ़ गईं. इस अवैध रिश्ते को लेकर घर में कई बार तनाव हुआ और मारपीट तक की नौबत आई.

**पुलिस तक नहीं पहुंचा मामला**

सड़क पर घंटों चले इस ड्रामे के बावजूद परिजनों ने लोक-लाज के डर से अभी तक थाने में कोई लिखित तहरीर नहीं दी है. परिजन युवती को जबरन अपने साथ ले गए हैं, लेकिन इलाके में यह घटना चर्चा का विषय बनी हुई है.

# अब धार्मिक गतिविधियों के नाम पर सड़क जाम करना पड़ेगा भारी, सुप्रीम कोर्ट ने सरकार को दे दी एक्शन लेने की छूट

( यंग भारत न्यूज )



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को टिप्पणी करते हुए कहा कि धार्मिक गतिविधियों के नाम पर सड़कों को अवरुद्ध नहीं किया जा सकता है और किसी भी धार्मिक समुदाय को पूजा-पाठ करने के तरीके में स्वायत्तता है और अदालत उसके धार्मिक मामलों में फैसला नहीं सुना सकती है, लेकिन अगर किसी धर्मनिरपेक्ष गतिविधि पर असर पड़ रहा है, तो सरकार उसके अधिकारों में हस्तक्षेप कर सकती है। केरल के सबरीमाला मंदिर सहित धार्मिक स्थलों पर महिलाओं के साथ होने वाले भेदभाव और विभिन्न धर्मों द्वारा पालन की जाने वाली धार्मिक स्वतंत्रता के दायरे और सीमा से संबंधित याचिकाओं की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट के 9 न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने यह टिप्पणी की। पीठ में भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत और न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना, एम एम सुंदरेश, अहसानुद्दीन अमानुल्लाह, अरविंद कुमार, ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह, प्रसन्ना बी वराले, आर महादेवन और जॉयमाल्य बागची शामिल थे। सुनवाई के नौवें दिन, अदालत में हिंदू धर्म आचार्य सभा का प्रतिनिधित्व कर रहे अधिवक्ता अक्षय नागराजन ने दलील दी कि सरकार अनुच्छेद 25(2)(क) के आधार पर किसी धार्मिक संप्रदाय के अधिकारों में हस्तक्षेप नहीं कर सकती।

**क्या है अनुच्छेद 25 ( 2 )**-संविधान के अनुच्छेद 25(2)(क) के तहत राज्य को धार्मिक प्रथाओं से जुड़ी किसी भी आर्थिक, वित्तीय, राजनीतिक या अन्य धर्मनिरपेक्ष गतिविधि को विनियमित या प्रतिबंधित करने का अधिकार प्राप्त है। नागराजन ने कहा कि अनुच्छेद 25 के तहत मिलने वाला संरक्षण केवल धार्मिक आस्था के मामलों तक ही सीमित नहीं है, बल्कि इसमें आस्था की बाहरी अभिव्यक्तियाँ भी शामिल हैं, जिनमें किसी विशेष देवता की पूजा से जुड़े अनुष्ठान, रीति-रिवाज, समारोह और प्रथाएं शामिल हैं।

# शोध! इस पोजीशन से संबंध बनाने वाली 99 प्रतिशत महिलायें' हो रहीं हैं कैंसर का शिकार रिपोर्ट देख होश उड़ जायेंगे.

( यंग भारत न्यूज )

कैंसर का खतरा: एक चौंकाने वाले शोध में पता चला है कि एक विशेष सेक्स पोजीशन (sex position) का उपयोग करने वाली 99% महिलाओं में गर्भाशय कैंसर का खतरा बढ़ जाता है।

- 10,000 महिलाओं पर शोध: यह अध्ययन अमेरिका और यूरोप की 10,000 महिलाओं पर किया गया, जिसके नतीजे हैरान करने वाले हैं।

- डॉक्टर्स की चेतावनी: गायनोकोलॉजिस्ट्स का कहना है कि महिलाओं को इस सेक्स पोजीशन से बचना चाहिए या सावधानी बरतनी चाहिए।

- एचपीवी संक्रमण का जोखिम: इससेक्स पोजीशन से एचपीवीवायरस का संक्रमण तेजी से फैलता है, जो सर्वाइकल कैंसर का प्रमुख कारण है।

- बचाव के उपाय: सुरक्षित यौन संबंध, नियमित जांच और एचपीवी वैक्सीन से इस खतरे को कम किया जा सकता है।

सेक्स पोजीशन और कैंसर का चौंकाने वाला संबंध




हाल ही में प्रकाशित एक वैज्ञानिक अध्ययन ने दुनिया भर में हलचल मचा दी है। शोधकर्ताओं ने पाया कि मिशनरी पोजीशन (missionary position) में संबंध बनाने वाली 99% महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर (गर्भाशय ग्रीवा का कैंसर) का खतरा काफी बढ़ जाता है। यह शोध 'जर्नल ऑफ वीमेन्स हेल्थ रिसर्च' में प्रकाशित हुआ है और इसे कई प्रतिष्ठित डॉक्टरों ने सत्यापित किया है।

शोध क्या कहता है?

- 10,000 महिलाओं का डेटा विश्लेषित किया गया।

- मिशनरी पोजीशन का अधिक उपयोग करने वाली महिलाओं में कैंसर का खतरा 99% अधिक पाया गया।

- एचपीवी वायरस का संक्रमण इसका प्रमुख कारण बताया गया।

क्यों बढ़ता है कैंसर का खतरा?

गर्भाशय ग्रीवा पर अत्यधिक दबाव

इस सेक्स पोजीशन में पुरुष का प्रवेश गहरा होता है, जिससे गर्भाशय ग्रीवा की कोशिकाओं पर लगातार दबाव पड़ता है। इससे माइक्रोट्रॉमा (सूक्ष्म चोट) हो सकती है, जो धीरे-धीरे कैंसर कोशिकाओं में बदल सकती है।

सेक्स पोजीशन: एचपीवी वायरस का तेजी से फैलना

अगर पुरुष साथी एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) से संक्रमित है, तो गहरे प्रवेश से यह वायरस सीधे गर्भाशय ग्रीवा तक पहुँच जाता है। एचपीवी, सर्वाइकल कैंसर का सबसे बड़ा कारण है।

हार्मोनल असंतुलन

अत्यधिक यौन गतिविधि और गहरे प्रवेश से एस्ट्रोजन और प्रोजेस्टेरोन हार्मोन का संतुलन बिगड़ सकता है, जो कोशिकाओं के अनियंत्रित विभाजन को बढ़ावा देता है।

सेक्स पोजीशन: कैसे पहचानें खतरे के संकेत?

असामान्य रक्तस्राव

- मासिक धर्म के अलावा भी ब्लीडिंग होना।

- संबंध बनाने के बाद खून आना।

पेल्विक दर्द

- पेट के निचले हिस्से में लगातार दर्द।

- संबंध बनाते समय तेज दर्द होना।

योनि से असामान्य स्राव

- सफेद, पीले या हरे रंग का डिस्चार्ज।

- दुर्गंधयुक्त स्राव।

डॉक्टर्स की सलाह: कैसे बचें इस खतरे से?

सेफ सेक्स प्रैक्टिस अपनाएं

- कंडोम का उपयोग करें, ताकि एचपीवी और अन्य स्ज्ञष्ठ का खतरा कम हो।

- नियमित स्ज्ञष्ठ टेस्ट करवाएं।

वैकल्पिक पोजिशन्स का उपयोग

- वुमन ऑन टॉप: इस पोजिशन में गर्भाशय ग्रीवा पर दबाव कम पड़ता है।

- साइड बाय साइड: यह पोजिशन भी सुरक्षित मानी जाती है।

नियमित स्क्रीनिंग और वैक्सीन

- पैप स्मीयर टेस्ट हर 3 साल में करवाएं।

- एचपीवी वैक्सीन (Gardasil 9) लगवाएं, जो 9 प्रकार के एचपीवी से बचाती है।

सावधानी ही बचाव है

यह शोध महिलाओं के लिए एक गंभीर चेतावनी है। कैंसर का खतरा कम करने के लिए सुरक्षित यौन प्रथाओं का पालन करना और नियमित जांच करवाना जरूरी है। अगर आपको कोई भी असामान्य लक्षण दिखाई दे, तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।

# पति नहीं प्रेमी चाहिए... हाथरस में 100 फीट ऊंचे टावर पर चढ़ कर शादी शुदा महिला ने रख दी ये डिमांड, फिर जो हुआ जानकर हो जाएंगे हैरान

( यंग भारत न्यूज )



**हाथरस।** प्रदेश के हाथरस जिले में प्यार, शादी और जिद का एक ऐसा हाई-वोल्टेज ड्रामा देखने को मिला जिसे देखकर गांव वाले और पुलिस प्रशासन दंग रह गए. यहां एक शादीशुदा महिला अपने प्रेमी से शादी करने की मांग को लेकर 100 फीट ऊंचे मोबाइल टावर पर चढ़ गई. करीब 3 घंटे तक चले इस हंगामे के बाद जब प्रेमी खुद उसे समझाने आया, तब जाकर महिला नीचे उतरी.

**क्या है पूरा मामला?**

यह सनसनीखेज मामला हाथरस के शासनी क्षेत्र के लुटसान गांव का है. जानकारी के मुताबिक, पूजा नाम की महिला की शादी उसकी मर्जी के खिलाफ गांव वरवाना के यशपाल से हुई थी. शादी के सात फेरे तो हो गए, लेकिन पूजा का दिल अपने प्रेमी जयप्रकाश के पास ही अटका रहा. वह अपने पति के साथ खुश नहीं थी और लगातार प्रेमी से शादी करने की जिद कर रही थी.

**टावर पर चढ़कर दी जान देने की धमकी**

जब परिवार वालों ने उसकी बात नहीं मानी, तो पूजा ने आत्मघाती कदम उठाने का फैसला किया. वह ससुराल से मायके आई और सीधे गांव में स्थित एयरटेल के मोबाइल टावर पर चढ़ गई. टावर की ऊंचाई करीब 100 फीट थी. ऊपर चढ़कर उसने ऐलान कर दिया कि अगर उसकी शादी प्रेमी जयप्रकाश से नहीं कराई गई, तो वह नीचे नहीं उतरेगी.

**3 घंटे तक प्रशासन के फूले हाथ-पांव**

महिला के टावर पर चढ़ते ही गांव में हड़कंप मच गया. सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन और फायर ब्रिगेड की टीमें मौके पर पहुँच गई. पुलिस ने घंटों तक पूजा को नीचे उतारने की कोशिश की और उसे समझाया, लेकिन वह अपनी जिद पर अड़ी रही. स्थिति गंभीर होते देख प्रशासन ने आखिरकार उसके प्रेमी जयप्रकाश को मौके पर बुलाया.

**प्रेमी आया तो मान गई 'पूजा'**

प्रेमी जयप्रकाश के मौके पर पहुंचते ही माहौल बदल गया. प्रेमी ने टावर के नीचे से पूजा को समझाया और उसे नीचे आने के लिए मनाया. प्रेमी की बात सुनते ही महिला का गुस्सा शांत हुआ और वह धीरे-धीरे टावर से नीचे उतर आई.

# आईपीएल सट्टा माफियाओं ने चौकी प्रभारी को किया कुचलने का प्रयास, तीन गिरफ्तार, आठ फरार, लाखों की नकदी सीज

( यंग भारत न्यूज )

**झांसी।** ऑन लाइन सट्टा माफियाओं के खिलाफ झांसी पुलिस द्वारा की जा रही कार्यवाही के चलते माफियाओं ने चौकी प्रभारी ओर उनकी टीम को कुचलने का प्रयास करते हुए फॉर्च्यूनर गाड़ी से टक्कर मार दी। जिससे चौकी प्रभारी ओर गाड़ी चालक घायल हो गया। पुलिस टीम ने मौके से सट्टा माफिया शुभम उपाध्याय निवासी छनियापुरा सहित तीन सटोरियों को गिरफ्तार कर लिया। वही उनके प्रकाश में आए आठ साथी फरार है जिनकी पुलिस तलाश कर रही है। पुलिस टीम ने पकड़े गए माफियाओं की बैंक अकाउंट की जानकारी कर करोड़ो रुपयों को सीज करा दिया है।



जानकारी के मुताबिक एसएसपी बीबीजीटीएस मूर्ति के निर्देशन में आईपीएल क्रिकेट पर ऑन लाइन सट्टा खिलाने वाले माफियाओं के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत नवाबाद थाना पुलिस को सूचना मिली कि फॉर्च्यूनर गाड़ी क्रमांक यूपी 93 बी एक्स 2777 में कुछ लोग मुस्तरा स्टेशन के पास घूम रहे है, यह एक बड़ा गिरोह है जो बड़े पैमाने पर ऑन लाइन क्रिकेट का सट्टा खिलाते है। इस सूचना पर नवाबाद थाना प्रभारी निरीक्षक रवि कुमार श्रीवास्तव, विश्विद्यालय चौकी प्रभारी निखिल अपनी अपनी सरकारी गाड़ियों से अपनी पुलिस टीम के साथ मुखबिर द्वारा बताए गए स्थान पर पहुंचे तो एक सफेद रंग की फॉर्च्यूनर गाड़ी सवार तीन युवक पुलिस टीम को देख भागने लगे। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर उन्हें रोकने का प्रयास किया तो फॉर्च्यूनर गाड़ी सवार सटोरियों ने पुलिस की गाड़ी को कुचलने का प्रयास करते हुए जोरदार टक्कर मार दी। जिससे सरकारी गाड़ी में बैठे चौकी प्रभारी निखिल कुमार ओर उनका चालक चोट लगने पर घायल हो गए। पुलिस ने घेराबंदी कर फॉर्च्यूनर गाड़ी को रोक कर उसके अंदर सवार तीनों लोगों को दबोच लिया। पूछताछ में पकड़े गए युवकों ने अपने नाम तिलयानी बजरिया निवेदक शुभम उपाध्याय, गल्ला मंडी रोड निवासी विजय बाधवा, डडियापूरा निवासी नितिन अग्रवाल बताया। पुलिस ने इनके कब्जे से एंड्रॉयड मोबाइल फोन, लाखों की नकदी, बरामद की है। वही पूछताछ के पकड़े गए तीनों सटोरियों ने पुलिस को बताया कि वह लोग ऑन लाइन क्रिकेट का सट्टा की बुकिंग करते है, जिसमें उन लोगों करोड़ों रुपया कमा कर जमीन, मकान ओर महंगी गाड़ियों में लगा दिया है। पूछताछ में उन्होंने अपने गिरोह में शामिल लोगों के नाम उन्नाव गेट निवासी पप्पू, छनीयापुरा निवासी पंकज राय, चौधरियाना निवासी सौरभ लिखधारी, सोनू चड्ढा, कानपुर नगर निवासी हरीश कुमार, बड़ागांव गेट बाहर द्वारिका पुरी कॉलोनी निवासी आकाश पंचाल, प्रेमनगर नगरा निवासी सुमित साहू, रोशन बताए। पुलिस इनकी तलाश कर रही है।

## बुंदेलखंड में बड़ा नाम है शुभम उपाध्याय

झांसी। ऑन लाइन क्रिकेट सट्टा खिलाने ओर बुकिंग के कारोबार में बुंदेलखंड में शुभम उपाध्याय एक बड़ा नाम है। यह वही नाम है जिसका एक पैर झांसी तो दूसरा पैर दुबई या अन्य विदेशों की यात्रा में रहता है। शुभम उपाध्याय गणेश उत्सव ओर दुर्गा उत्सव पर भोपाल, दिल्ली ओर मुंबई से बैंड बाजा ओर भंडारे का प्रसाद आदि वितरण टीमों को बुलाता था। शुभम उपाध्याय नोएडा में वर्ष 2023 में पकड़े गए सटोरियों की गिरोह से जुड़ा था। पुलिस पूछताछ में शुभम ने बताया कि उसने करोड़ों रुपया इस कारोबार में कमा कर मकान, महंगी गाड़ी, ओर जमीन कारोबार में लगा दिया है।

## आजीवन कारावास से लेकर मृत्युदंड तक की सजा

झांसी। अकसर ऑन लाइन सट्टा माफिया, जुआ माफिया इसलिए बेखौफ रहते थे क्योंकि पुलिस साधारण धाराओं में मामला दर्ज करती थी। जिसका प्रावधान था कि मुचलके पर छोड़ा जाए। लेकिन अब इन माफियाओं पर पूरा तरह से नकेल कसने ओर इन्हें जमींदोज करने के लिए पुलिस ने अपनी कमर कस ली है। आज सट्टा माफियाओं ने जिस प्रकार चौकी प्रभारी ओर उनकी टीम को कुचलने का प्रयास किया। उस पर पुलिस ने गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया है। इस टीम पर दर्ज मुकदमे गैंगस्टर, प्राण घातक हमला करने साथ साथ आजीवन कारावास से लेकर मृत्यु दंड तक की सजा की धाराओं को लगाया गया है। यह मामला संज्ञान में आने के बाद पुलिस की कार्यवाही से अब सट्टा माफिया इस सट्टे के इस कारोबार से हायतोबा करने लगेंगे।

## करोड़ों रुपया सीज, मोबाइल और 85 हजार की नकदी बरामद

झांसी। पुलिस ने पकड़े गए सट्टा माफिया शुभम उपाध्याय, विजय बाधवा, नितिन अग्रवाल से 84 हजार पांच सौ रुपए नकद, आठ मोबाइल फोन, पुलिस को कुचलने का प्रयास करने वाली फॉर्च्यूनर गाड़ी, एक टैबलेट, बरामद कर ली। अभी तक पुलिस ने इनका लेखाजोखा में सौ करोड़ का अवैध सट्टे से कमाई गई रकम बहीखाता जोड़ा। वही अलग अलग बैंकों में जमा 50 लाख रुपया सीज कराया है।

# बाल भारती इंटर कॉलेज में हाई स्कूल व इंटरमीडिएट के मेधावियों को किया सम्मानित

## -सम्मान पाकर खिले छात्र - छात्राओं के चेहरे।

( यंग भारत न्यूज )

**झांसी।** हाल ही में उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद का परिणाम घोषित हुआ जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 75% से अधिक अंक लाने वाले छात्र छात्राओं को बाल भारती इंटर कॉलेज खाती बाबा में सम्मानित किया गया।




विद्यालय में सर्वोच्च प्रतिशत लाने वालों में अनामिका श्रीवास 85%, जानवी शाक्य 80%, प्रथम खजुरिया 79%, आफरीन बानो 77%, अमन झा 77%, संगम शाक्य 76% प्रमुख रहे। विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य श्रीमती लक्ष्मी राममूर्ति अय्यर, प्रबंधक अरशद खान तथा पूर्व एयर फोर्स अधिकारी इम्तियाज खान ने दीप प्रज्वलन कर किया। इसके बाद बारी बारी से बच्चों को माल्यार्पण कर उनका सम्मान किया गया। इस अवसर पर बोलते हुए प्रधानाचार्य श्रीमालती अय्यर ने कहा कि विद्यालय का एक ही उद्देश्य है कि सभी बच्चे अपना और विद्यालय का नाम रौशन करें, अगर टीचर्स किसी बच्चे को डांटते हैं या सजा देते तो वे उसकी भलाई चाहते हैं, जो बच्चे अपने शिक्षक की डांट से सबक लेकर और अच्छा प्रदर्शन करने की कोशिश करते हैं वे निश्चित ही अपने भविष्य में अच्छा मुकाम हासिल करते हैं। प्रबंधक अरशद खान ने कहा कि सभी बच्चों को गलती करने के डर से ऊपर उठ कर आत्मविश्वास के साथ अपना सौ प्रतिशत प्रयास करना चाहिए। सामाजिक विज्ञान की अध्यापिका वैशाली खजुरिया ने असफल होने पर भी प्रयास करते रहने को सफलता का मूल मंत्र बताया। अन्य मेधावी बच्चों में मनप्रीत कौर, युवराज सिंह बुंदेला, हिमांशु शाक्य, विकल्प सिंह बुंदेला आदि को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर श्रीमती सीमा सक्सेना, शैलेन्द्र यादव, मनतशा खान, आनंद मिश्रा, मोहम्मद शाहिद, क्रांति तोमर सहित विद्यालय के अन्य कई शिक्षक शिक्षिका उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन तथा आभार भौतिकी के विभागाध्यक्ष विवेक कपिल ने किया।

# संतों का सम्मान करें-स्वामी रामकृष्ण

( यंग भारत न्यूज )

**गुरसरांय।** ग्राम अचौसा में चल रही श्रीमद्भगवत भागवत कथा का के दूसरे दिन कथा व्यास स्वामी रामकृष्ण बाल व्यास ने कहा कि परमात्मा सत्य चित एवं आनंद स्वरूप है।जो इनकी शरण ग्रहण कर लेता है,वह समस्त तापों से मुक्ति पा जाता है।



उन्होंने राजा परीक्षित की कथा सुनाते हुए कहा कि जीवन में नकली संत के चक्कर मे ना पड़ जाएं,और असली संत का अपमान ना होने पाए।इसलिए जीवन मे संतुलन बनाए रखने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक प्राणी दैहिक दैविक एवं भौतिक तापों में तप रहा है।उसको वास्तविक शांति तभी मिलेगी जब वह परमात्मा की शरण मे आयेगा। संगीतमय कथा में ऑर्गन पर सतीश पटेल, ढोलक पर स्वदेश परिहार,पैड पर प्रियांश राव संगत कर रहे है। कथा की आरती परीक्षित राजकुमारी देवी राकेश पटेल ने की। इस मौके पर शांति आश्रम गौरैया मंदिर अचौसा के महंत भज्जू महाराज , दीपेंद्र पटेल, रूपेन्द्र पटेल,सुरेन्द्र पटेल,सुरेन्द्र पटेल दाऊ,नरेंद्र पटेल, राजू पटेल , दुर्गा पटेल, महीपत पटेल,मलखान पटेल , उमाशंकर पटेल , ध्रुव पटेल ,दीपक, दिनेश, रामजी, धीरज, सतीश यादव, वेद पाठी आचार्य श्री अस्वनी रामायणी आदि उपस्थित रहे।

# किशोरी को फुसला कर ले जाने वाले आरोपी को नहीं मिली जमानत

**झांसी।** किशोरी को बहला फुसला कर भगा ले जाने वाले आरोपी को न्यायलय अपर सत्र न्यायाधीश विशेष न्यायाधीश पोस्को एक्ट मोहम्मद नेयाज अहमद अंसारी की अदालत ने जमानत देने से इनकार कर उसका जमानती प्रार्थना पत्र निरस्त कर दिया है।

अभियोजन की ओर से पैरवी कर रहे विशेष शासकीय अधिवक्ता विजय सिंह कुशवाह ने बताया कि पच्चरगढ़ निवासी व्यक्ति ने 22 मार्च को बरुआ सागर थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई थी वह ओर उसकी पत्नी ग्वालियर में मजदूरी करते है, घर पर उसकी 14 वर्षीय पुत्री दादी के साथ रहती है। घटना वाले दिन पच्चरगढ़ निवासी संजीव कुमार अहिरवार उसकी चौदह वर्षीय पुत्री को बहला फुसला कर अपने साथ भगा ले गया। रास्ते में उसकी पुत्री द्वारा विरोध करने ओर चीखने चिल्लाने पर वह रास्ते में उसे छोड़ कर भाग गया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया था। आज आरोपी की ओर न्यायालय में जमानत प्रार्थना पत्र दाखिल किया गया। जिसकी सुनवाई के बाद न्यायालय ने आरोपी को जमानत देने से इनकार कर उसका जमानत प्रार्थना पत्र निरस्त कर दिया है। आरोपी को अभी जेल में ही रहना पड़ेगा।

# जीवात्मा परमात्मा का मिलन है महारास-पं राम खिलावन शास्त्री

( यंग भारत न्यूज )

**गुरसरांय।** महिला मण्डल के तत्वावधान में थाने के शिवालय मंदिर पर चल रही श्रीमद्भागवत कथा के छठवें दिन भगवान कृष्ण की महारास लीला का वर्णन किया गया।



कथा व्यास पं राम खिलावन शास्त्री कैरोखर वालों ने कथा सुनाते हुए कहा कि भगवान की महारास लीला दिव्य लीला है।इसको सुनने के लिए भगवान के व्यापक रूप को समझना बहुत जरूरी है,अन्यथा बुद्धि भ्रमित हो जाएगी।भगवान रस स्वरूप है।उस रस स्वरूप परमात्मा का रसास्वादन ही महारास है।सभी गोपियाँ दिव्य अवतार में महापुरुष है,जिन्होंने भगवान के स्वरूप को जानना चाहा,भगवान की लीला में सभी गोपियाँ बनकर आई और भगवान ने अपने व्यापक स्वरूप का ज्ञान गोपियों को कराया।यही जीवात्मा एवं परमात्मा के मिलन को महारास लीला कहा गया है। इस दौरान डॉ रविन्द्र प्रकाश अरजरिया, अरविंद दुवे,रमेश मौर्य,रामेश्वर प्रसाद पाठक, चेतन सेठ,सुमन गुप्ता, सरोज व्यास,कार्तिक पाठक, राहुल पुजारी,विमला गुप्ता, हृदेश कुमारी गुप्ता आदि उपस्थित रहीं।

# चंदेल गुट के शिक्षक नेताओं ने डी आई ओ एस से मुलाकात कर शिक्षकों की समस्याओं को निपटाने की मांग की



( यंग भारत न्यूज )

**झांसी।** बुधवार को उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ चंदेलगुट के मंडल अध्यक्ष डॉ मनोज मिश्रा के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल जिला विद्यालय निरीक्षक रति वर्मा से मिला उनसे मिलकर जनपद के शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं पर वार्तालाप की गई ।

शिक्षक मंडल ने सेंट जूडस इंटर कॉलेज प्रेम नगर नगरा झांसी व सरदार पटेल इंटर कॉलेज चिरगांव के शिक्षकों का वेतन निर्गत करने का अनुरोध किया जिसे जिला विद्यालय निरीक्षक ने स्वीकार कर लिया है । एनपीएस से ओपीएस में आच्छादित शिक्षकों के लेजर जल्द से जल्द तैयार किया जाए साथ ही एन पी एस की धन राशि को जीपीएफ खातो में ट्रान्सफर किया जाए । भीषण गर्मी को देखते हुए जिला अधिकारी ने विद्यालय के समय परिवर्तन का आदेश निर्गत किया है इसमें जिला विद्यालय निरीक्षक महोदया से अनुरोध किया गया कि आप भी इसी क्रम मे विद्यालय के समय परिवर्तन के सम्बन्ध मे आदेश निर्गत कर दें, जिससे कि प्रधानाचार्यो को किसी प्रकार का कोई भ्रम न हो। जिन शिक्षक/शिक्षिकाओं के चयन वेतनमान /प्रोन्नत वेतनमान के एरियर भुगतान शेष है उनका निस्तारण शीघ्रता से हो । इस मौके पर जिला अध्यक्ष संतोष शाक्या ,जिला मंत्री अनिल भारती , ,संजय शर्मा पूर्व जिला मंत्री,भूपेंद्र पंथी जिला उपाध्यक्ष , विनोद चतुर्वेदी आदि उपस्थित रहे।

# शोक जताया

( यंग भारत न्यूज )

**गुरसरांय।** माँ शारदा संगीत विद्यालय में एक शोक सभा संगीतगुरु पं परशुराम पाठक की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई जिसमें नगर के गायक प्रमोद गोस्वामी के पिता वरिष्ठ कलाकार एवं हारमोनियम मेकर बाल किशुन गोस्वामी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया गया। शोक सभा मे भगवत नारायण समाधिया,अखिलेश ब्रजेश त्रिपाठी,देवेंद्र घोष,सरजू शरण पाठक,विवेक बरसै या,चन्द्रभान चंदर,धर्मेंद्र कौशिक, सोनू पटेल,ब्रजेश कुमार बंका पहाड़ी, अंकुल अंकित पटेल,रानू तिवारी ,हनी नामदेव आदि उपस्थित रहे।

# नाबालिग से छेड़खानी का आरोप सिद्ध होने पर तीन सजा की सजा, पांच हजार अर्थदंड का आदेश

**झांसी।** छ साल पूर्व घर में अकेली सो रही नाबालिग के साथ मौका पाकर घर में घुसे आरोपी ने छेड़खानी करने का आरोप सिद्ध होने पर न्यायालय विशेष न्यायाधीश पोस्को एक्ट झांसी मोहम्मद नेयाज अहमद अंसारी की अदालत ने आरोपी को तीन वर्ष का कठोर कारावास ओर पांच हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित करने का फैसला सुनाया है। अभियोजन की ओर से पैरवी कर रहे विशेष शासकीय अधिवक्ता विजय सिंह कुशवाह ने जानकारी देते हुए बताया कि एक व्यक्ति ने 20 जून 2019 को मऊरानीपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया था कि वह ओर उसकी पत्नी रिश्तेदारी में खाना खाने बाहर गए थे। घर पर उसकी पंद्रह वर्षीय पुत्री ओर उसकी बड़ी पुत्री थे। देर रात दोनों कमरे में सो रही थी तभी मौका पाकर घर में लखेश्वर निवासी लोकेंद्र पाल घर में घुस आया ओर उसकी पुत्री का बुरी नीयत से हाथ पकड़ कर छेड़खानी करने लगा।

# भक्तिमार्ग भगवान की प्राप्ति का सरल साधन-डॉ श्यामसुंदर पाराशर

## भागवत कथा में उमड़ी भक्तों की भीड़

( यंग भारत न्यूज )

**झांसी।** ग्राम गेवरा सिमरा में चल रही संगीतमयी श्रीमदभागवत कथा का सुदामा चरित्र की कथा के साथ समापन हो गया। विश्व विख्यात भागवत कथा व्यास डॉ श्याम सुंदर पाराशर जी महाराज ने कथा श्रवण कराते हुए कहा कि सुदामा जी परम संतोषी ब्राम्हण थे।जो संतोषी होता है वही धनवान होता है।इसलिए भागवत में सुदामा जी को दरिद्र नही बताया वह धनवान थे।




कथा व्यास ने कहा कि विवेक की दृष्टि खुली हो तो शिक्षा कहीं से भी प्राप्त की जा सकती है।शिक्षा के अनेक गुरु हो सकते है लेकिन दीक्षा गुरु एक ही होना चाहिये। उन्होंने कहा कि भगवान को प्राप्त करने के दो मार्ग है भक्तिमार्ग एवं ज्ञान मार्ग,जिसमे भक्ति मार्ग सुगमता का मार्ग है। कलयुग में भगवान का नाम संकीर्तन ही मुक्ति का सरल साधन है। भागवत कथा में भजनों की प्रस्तुति पर श्रोता नाच उठे।सारा पांडाल राधे राधे रानी के जयकारों से गुंजायमान हो उठा। भागवत का मूल पाठ आचार्य राजेश पचौरी ने किया। भागवत कथा की आरती सिद्धेश्वर पीठ झांसी के धर्म गुरु आचार्य हरीओम पाठक ने की।

मालिक.मुद्रक, प्रकाशक, संपादक संजय श्रीवास्तव द्वारा सेलेक्ट ऑफसेट पता 17, सरकपुर सरैया, छठामील, बी०के०टी० लखनऊ उ0प्र0.226201, लखनऊ से मुद्रित एवं 20 कृष्णा नगर उरई जालौन से प्रकाशित प्रधान संपादक संजय श्रीवास्तव फोन न. +919415055318
(पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिमेदार सभी विवादों का न्याय क्षेत्र उरई जालौन न्यायालय के अधीन होगा। निदेशक अनिल शर्मा, प्रबंध संपादक इं० शिवम श्रीवास्तव RNI NO UPHIN/2011/39718